जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 | वर्षः 16 | संख्याः 122 | प्रभात | हिण्डौन सिटी, शनिवार 2 मार्च, 2024 | पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.

# अशोक गहलोत ने आखिर बंगला खाली किया

## विधानसभा चुनाव में, लगभग तीन माह हुए, गहलोत सरकार पराजित हो गयी थी तथा गहलोत मु.मंत्री नहीं रहे थे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- परम्परा व निर्णय के अनुसार निवर्तमान मु.मंत्री गहलोत को मु.मंत्री निवास खाली कर देना चाहिये था।
- पर, अब सरकार गिरने के तीन माह बाद गहलोत मु.मंत्री बंगला खाली कर, विधानसभाध्यक्ष सी.पी. जोशी द्वारा खाली किये गये बंगले में शिफ्ट हुए हैं।
- जैसा की विदित ही है, सी.पी. जोशी विधानसभा अध्यक्ष पद ही नहीं, बल्कि एम.एल.ए. का चुनाव भी हार चुके हैं तथा गहलोत इस बंगले में शिफ्ट हुए, उससे काफी पहले विधानसभाध्यक्ष का अपना ऑफिशियल बंगला खाली कर चुके थे।
- गहलोत को दूसरा झटका और लगा जब पुत्र वैभव गहलोत को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा तथा गहलोत के पुराने साथी व वफादार मालवीया ने, जिन्हें हाल ही में गहलोत ने सी.डब्ल्यु.सी. सदस्य बनवाया था तथा विधानसभा में विपक्ष का नेता बनवाने की पूरी कोशिश की थी, ने कांग्रेस की सदस्यता त्याग कर भाजपा जॉइन कर ली।

नई दिल्ली, 1 मार्च। अशोक गहलोत ने अंततः जयपुर में मुख्यमंत्री का बंगला खाली कर दिया है, जिसमें चुनाव तथा सरकार हारने के बाद भी तीन महीने से वो रह रहे थे। राष्ट्रदूत के मुख्य पृष्ठ पर छपी खबर के बाद बंगला खाली हुआ, जिसमें बताया गया था कि, कैसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। क्योंकि, मुख्यमंत्री का बंगला खाली नहीं होने के कारण उन्हें हर रोज राज्य सचिवालय पहुंचने के लिए बहुत लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

समझा जाता है कि, गहलोत मुख्यमंत्री बंगले में बने रहने में खुश थे और उनके विरूद्ध अखबार में लिखे जाने के बाद ही अंततः उन्होंने बंगला खाली करने का निर्णय लिया। वे अब राजस्थान विधानसभा के पूर्व स्पीकर डॉ. सी.पी. जोशी द्वारा खाली किए गए बंगले में चले गए हैं। डॉ. सी.पी. जोशी ने गत चुनाव में ना केवल अपना विधानसभाध्यक्ष पद खोया बल्कि चुनाव भी हार गए थे। डॉ. सी.पी. जोशी ने अशोक गहलोत से बहुत पहले ही सरकारी बंगला छोड़ दिया था। वहीं, लगता है कि, गहलोत विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि, वो अपनी सरकार व मुख्यमंत्री पद, दोनों खो चुके हैं।

गहलोत को दूसरा झटका तब लगा जब उनके पुत्र वैभव गहलोत को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद से त्याग पत्र देना पड़ा, इस प्रकार गहलोत परिवार का प्रदेश के क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पर नियंत्रण भी खत्म हो गया है। गहलोत को एक झटका उनके वफादार महेन्द्र मालवीय न दिया था, जो कांग्रेस छोड़ भाजपा में चले गए थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बिजली गिरने से 8 की मौतः परिजनों को 5-5 लाख रू. की सहायता

जयपुर, 1 मार्च (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार शाम प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से मरने वालों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों को समुचित

- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। मु.मंत्री भजन लाल शर्मा ने सूचना मिलते ही तुरंत आर्थिक सहायता की घोषणा कर दी।

सहायता एवं इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की सहायता आपदा प्रबंधन एवं राहत विभाग की ओर से जिला कलक्टरों के माध्यम से तथा 1-1 लाख रूपए की सहायता मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि, ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी और अमित शाह के नाम होंगे भाजपा की पहली लिस्ट में

## किसी भी समय आ सकती है लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की पहली लिस्ट

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- शुक्रवार देर रात भाजपा केन्द्रीय इलैक्शन कमेटी की बैठक शुरु हुई जिसमें प्र.मंत्री मोदी, अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा व अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे।
- भाजपा की पहली लिस्ट में कई हैरान करने वाले नाम हो सकते हैं। चर्चा है कि, दिल्ली से सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी और अक्षय कुमार को टिकट मिल सकता है।
- पहली लिस्ट में संभवतया उन राज्यों के लिए प्रत्याशी घोषित नहीं होंगे जहां भाजपा सहयोगी दलों के साथ सीटों के तालमेल की बात कर रही है।

नई दिल्ली, 1 मार्च। गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की प्रधानमंत्री मोदी क दिल्ली आवास पर गुरुवार रात्रि का 5 घंटे तक चली लंबी बातचीत के बाद, पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की प्रथम सूची अंतिम रूप से तैयार करने के लिए रात का 11 बजे से बैठक शुरु हुई।

लोकसभा चुनावों के प्रत्याशियों की पहली लिस्ट शुक्रवार या शनिवार तक जारी होने की अपेक्षा है इसमें मोदी का नाम भी हो सकता है। स्पष्ट है वे उनके दूसरे कार्यकाल के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से चुनावी उम्मीदवार घोषित हो सकते हैं। गृह मंत्री शाह का नाम गुजरात में गांधी नगर सीट से, राजनाथ सिंह लखनऊ से एवं स्मृति ईरानी का नाम अमेठी से प्रस्तावित किया जा सकता है।

इस सूची से परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का नाम छूट सकता है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का विदिशा से चुनाव, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को बीकानेर से, गजेन्द्र शेखावत को जोधपुर से, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ग्वालियर, भाजपा पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा को पुरी, केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजु को अरूणाचल पश्चिम सीट से, सरोज पांडेय को कोरबा (छत्तीसगढ़), बी.डी. शर्मा खजुराहों से, प्रतिमा भौमिक-त्रिपुरा पश्चिम से, अजय भट्ट को नैनीताल और रवि किशन को गोरखपुर से प्रत्याशी घोषित किया जा सकता है।

दिल्ली की बात करें तो मनोज तिवारी दिल्ली उत्तर पूर्व, परवेश साहिब सिंह वर्मा दिल्ली पश्चिम, रमेश बिधूड़ी दिल्ली दक्षिण, स्व. सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज नई दिल्ली और बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार पूर्वी दिल्ली से चुनाव मैदान में उतारें जाएंगे।

अन्य चयनित प्रत्याशियों में लोकसभा स्पीकर पुनः कोटा से, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, चूरु से राहुल कस्वा, झालावाड़ से दुष्यंत सिंह झालावाड़ से, चित्तौड़गढ़ से सी.पी.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली 1 मार्च (वार्ता) पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है क्योंकि वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी) ने शुक्रवार को शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत पीपीबीएल पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना किया।

इस संबंध में वित्त मंत्रालय द्वारा आज जारी बयान में कहा गया है कि, पीएमएलए की धारा 13(2)(डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 (पीएमएल नियम) के साथ पढ़े जाने वाले पीएमएलए के तहत अपने दायित्वों के उल्लंघन के संदर्भ में पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का का जुर्माना लगाया गया है। एफआईयू आईएनडी ने ऑनलाइन जुए के आयोजन और सुविधा प्रदान करने सहित कई अवैध कार्यों में लिप्त कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से विशिष्ट जानकारी प्राप्त करने पर पीपीबीएल की समीक्षा शुरू की।

## आर.एस. सांसद ने थामा भाजपा का दामन

नई दिल्ली, 1 मार्च (वार्ता)। तेलंगाना के जहीराबाद निर्वाचन क्षेत्र से भारत राष्ट्र समिति के सांसद भीमराव बसवंतराव पाटिल ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मणन और राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कंठ की उपस्थिति में पाटिल ने विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## हिमाचल में हमारी सरकार को खतरा नहीं : कांग्रेस

नई दिल्ली, 1 मार्च (वार्ता) कांग्रेस ने कहा है कि, हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार को अस्थिर करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोशिश विफल हुई है और वहां अब कांग्रेस सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का नाम लिए बिना कहा की मोदी और उनके चाणक्य शाह की सरकार गिराने की रणनीति विफल हुई है।

उनका कहना था कि, हिमाचल में सरकार बचाने के लिए कांग्रेस नेतृत्व का हस्तक्षेप सफल रहा है और भाजपा नेतृत्व के सपने टूटे हैं। उन्होंने कहा, हिमाचल को लेकर मीडिया में तरह-तरह की बातें चल रही हैं, लेकिन हम एक बात बिल्कुल स्पष्ट करना चाहते हैं कि, राज्य में प्रधानमंत्री और तथाकथित चाणक्य की कोशिश पूरी तरह से फेल हुए हैं। कांग्रेस नेतृत्व के हस्तक्षेप और हमारे पर्यवेक्षकों की तत्परता के बाद वहां स्थिति पूरी तरह से कांग्रेस के नियंत्रण में है। रमेश के कहा, दूसरे राज्यों की तरह भाजपा ने हिमाचल में भी जनता द्वारा चुनी हुई कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार को अस्थिर करने के लिए धनबल, सत्ताबल और बाहुबल का खेल शुरू किया था, लेकिन वे विफल रहे क्योंकि हिमाचल की जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। इस घटना के बाद हमारे संकल्प और मज़बूत हुए हैं। हम हिमाचल के लोगों की सेवा करते रहेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में चुनाव अभियान का श्रीगणेश किया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- उत्तरी बंगाल के आरामबाग में आमसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने खुला आरोप लगाया ममता बनर्जी पर कि, शेख शाहजहां, जिसने अनुसूचित जाति, जनजाति की भूमि पर नाजायज़ कब्जे किये, जनता से नाजायज़ वसूली की तथा बलात्कार व यौन शोषण जैसे कई अपराध किये, ममता बनर्जी सरकार के संरक्षण में महीनों स्वछन्द घूमते रहा तथा अन्ततोगत्वा भाजपा के दबाव में पुलिस को गिरफ्तार करना पड़ा।
- पर, बंगाल के राजनीतिक हल्कों में इस बात की भारी चर्चा रही कि, मोदी जब कोलकता राजभवन पहुंचे तो, ममता बनर्जी उनसे मुलाकात करने पहुंचीं तथा मैत्रीभाव में "गपशप" भी की।
- क्या कोई नयी "सैटिंग" हो रही है मोदी व ममता के बीच।

नई दिल्ली, 1 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दावा किया कि, पश्चिम बंगाल सरकार को भाजपा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाए गए सघन अभियान ने मजबूर कर दिया कि संदेशखाली प्रकरण के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार अभियान का बिगुल फूंक दिया।

उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शेख शाहजहां का सरंक्षण देने के लिए आलोचना की, जो कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों की जमीन हड़पने, उसने हफ्ता वसूलने का आरोपी है, पर इन सबसे बढ़ कर उस पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के भी आरोप हैं।

प्रधानमंत्री ने बंगाल के लोगों से कहा कि वे मतदान के समय तृणमूल कांग्रेस के कुकृत्यों का बदला लें। उन्होंने तृणमूल के जाने का समय नज़दीक बताते हुए कहा कि उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, राज्य पुलिस को संदेशखाली की महिलाओं के दबाव में झुकना ही पड़ा।

मोदी ने पश्चिम बंगाल सरकार की संदेशखाली प्रकरण के आरोपियों से निपटने के तरीके की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भी यह नहीं सोचा कि क्षेत्र की महिलाओं, जिनके साथ गलत हुआ है, की मदद की जाए। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को उत्तरी बंगाल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चुनाव आयोग ने केन्द्रीय बलों की तैनाती शुरू की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मार्च। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सी.ए.पी.एफ्स.) के 3.4 लाख से अधिक जवानों को चुनाव कार्यों में तैनात करने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के

- चुनाव आयोग चुनाव की तैयारी के लिए केन्द्रीय सशस्त्र बलों के 3.4 लाख जवान तैनात करेगा। चुनाव पूर्व तैयारी के लिए डेढ़ लाख जवानों को देश के संवेदनशील भागों में भेजा जा रहा है।

साथ ही लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया शुरु कर दी है, ताकि वे उस निर्वाचन क्षेत्र के माहौल में खुद को ढाल सकें, जहां उन्हें तैनात किया जाएगा। शुक्रवार को 2,000 कंपनियों के 1.5 लाख

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एन.सी.पी. ( शरद पवार ) शिव सेना ( उद्धव ठाकरे ) तथा कांग्रेस ने सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय किया

## शिव सेना (उद्धव ठाकरे) के पक्ष में बढ़ते जमीनी समर्थन व एन.सी.पी. (पवार) को भी पार्टी में विभाजन की सहानुभूति मिलने से इस इण्डिया गठबंधन का मनोबल ऊंचा हुआ है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इन परिस्थितियों में भाजपा को महाराष्ट्र में, पिछले लोकसभा चुनाव में जीती सीटों के आंकड़े तक पहुंचना मुश्किल लग रहा है।
- पिछले लोकसभा चुनाव में एन.डी.ए. गठबंधन को महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 37 सीटें मिली थीं। पर, इस बार इतनी भारी सफलता मिलने के आसार कम नज़र आते हैं।

नई दिल्ली, 1 मार्च। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का बारामती लोकसभा सीट से फिर से चुनाव लड़ना थोड़ा मुश्किल हो गया है, पर नैशलिस्ट कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट के लिए एक अच्छी खबर है कि, महा विकास अगाड़ी (एम.वी.ए.) के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को अंतिम रुप दे दिया गया है।

समझौते के अनुसार शिव सेना (उद्धव बाल ठाकरे) 21 सीटों पर, कांग्रेस 15 सीटों पर तथा शरद पवार गुट (एन.सी.पी.) 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात तथा गोआ में, इण्डिया ब्लाक के घटक दलों में चुनाव पूर्व तालमेल को अंतिम रुप देने के बाद महाराष्ट्र में तालमेल हो जाना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, ज्ञातव्य है कि महाराष्ट्र से 48 सांसद चुने जाते हैं जो उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर है।

महाराष्ट्र में हालांकि, शिवसेना का एकनाथ शिंदे गुट, अजीत पवार की एन.सी.पी. तथा भाजपा के साथ गठबंधन में सत्ता में हैं लेकिन, रिपोर्टों के अनुसार, शिवसेना (यू.बी.टी.) तथा अन्य महाविकास अगाड़ी दलों के लिए समर्थन में तेजी से वृद्धि हो रही है। महाविकास अगाड़ी घटक दलों में सीटों का बंटवारा हो जाने के बाद भाजपा का वर्ष 2019 का प्रदर्शन दोहराना मुश्किल लगता है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने अविभाजित शिवसेना के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था जिसमें भाजपा ने 22 सीटें तथा शिव सेना ने 13 सीटें जीती थीं, दो अन्य सांसदों को मिलाकर एन.डी.ए. की संख्या 37 हो गई थी। उसी वर्ष हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 105 सीटें और शिवसेना ने 56 सीटें जीती थीं।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव भी इसी वर्ष होने वाले हैं, संभावना है कि यहां भारी राजनैतिक उलटफेर होगा क्योंकि, भाजपा, नए गठबंधन सहयोगियों (शिवसेना का शिंदे गुट और अजीत पवार की एन.सी.पी.) की सीटों की मांगों को पूरा करना नहीं चाहेगी।

जिस पार्टी की स्थापना शरद पवार ने वर्ष 1999 में की थी, उसका नाम और चुनाव चिन्ह उनसे छिन चुका है। लेकिन राजनीति में उनकी साख बहुत चतुर चालाक नेता की है और उनकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'जमानत के लिए हाई कोर्ट जाओ'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जेल में बंद बलात्कार के दोषी आसाराम बापू को जमानत के लिए

- सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग लड़की से रेप के आरोप में सज़ायाफ्ता आसाराम बापू की जमानत याचिका खारिज करते हुए, हाई कोर्ट में अर्जी लगाने का निर्देश दिया।

हाई कोर्ट में आवेदन करने के लिए आदेश दिया। सितम्बर 2023 में भी शीर्ष अदालत ने उसको जमानत देने से इंकार कर दिया था। उससे पहले,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# टाइम्स नाओ, नवभारत, आज तक व न्यूज़ 18 को साम्प्रदायिक प्रपोगैण्डा प्रसारित करने के लिये दण्डित व प्रताड़ित किया

## न्यूज़ ब्रॉडकास्टिंग एण्ड डिजिटल स्टैण्डर्ड अथॉरिटी (एन.बी.डी.एस.ए.) ने इन न्यूज़ चैनल्स को, साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले अपने प्रोग्रामों का प्रसारण हटाने के आदेश दिये

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इन प्रोग्रामों के एंकर को पचास हजार से एक लाख रूपये का आर्थिक दण्ड भी दिया।
- एन.बी.डी.एस.ए. सरकार की संस्था नहीं है, बल्कि प्राइवेट न्यूज़ करैन्ट अफेयर्स के ब्रॉडकास्टर्स की प्रोफेशनल संस्था है, जो इस क्षेत्र के ब्रॉडकास्टर्स के फण्ड से चलती है।

नई दिल्ली, 1 मार्च। द न्यूज़ ब्रॉडकास्टिंग एण्ड डिजीटल स्टैण्डर्ड्स ऑथोरिटी (एम.बी.डी.एस.ए.) ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में नफरत और साम्प्रदायिक कटुता फैलाने वाले कई न्यूज़ चैनल्स के कुछ कार्यक्रमों को प्रसारण से हटाने और जुर्माना अदा करने को कहा है।

टाइम्स नॉउ नव भारत पर 1 लाख रूपए जुर्माना किया गया है और न्यूज़ इण्डिया पर 50,000 रू. तथा आज तक को चेतावनी दी गई है। सभी तीन चैनल्स को अपने कार्यक्रमों के ऑनलाइन वर्जन्स को सात दिन के भीतर हटा लेने के आदेश दिए गए हैं। वर्तमान में एन.बी.डी.एस.ए. के प्रमुख सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज ए.के. सीकरी हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता इन्द्रजीत घोरपडे द्वारा साम्प्रदायिक तथा भड़काऊ टी.वी. शोज़ की शिकायत दर्ज करने के बाद ये आदेश दिए गए हैं। विशाल टाइम्स ऑफ इण्डिया ग्रुप के एक भाग टाइम्स नॉउ नवभारत को दण्डित किया गया है क्योंकि यह पाया गया है कि उसके एंकर हिमांशु दीक्षित मुस्लिमों को एक सम्प्रदाय के रूप में निशाना बना रहे थे और अंतर-धार्मिक आस्था वाले संबंधों को "लव जिहाद" करार दे रहे थे।

न्यूज़ 18 इण्डिया, जो अब अरबपति मुकेश अंबानी ग्रुप का भाग है, को उसके कम से कम तीन शो के लिए दंडित किया गया है। इनमें से दो शो की एंकरिंग अमन चोपड़ा और एक की अमीश देवगन ने की थी। यह पाया गया कि इनमें श्रद्धा वाल्कर मर्डर केस को "लव जिहाद" के रूप में साम्प्रदायिक रंग दिया गया। इण्डिया टुडे ग्रुप के "आज तक" को सुधीर चौधरी की एंकरिंग वाले शो के लिए चेतावनी दी गई। "लाइव लॉ" के अनुसार उक्त शो में रामनवमी पर हुई हिंसक घटनाओं को लेकर एक सम्प्रदाय विशेष को निशाना बनाया गया।

शिकायतकर्ता ने निष्पक्षता, तटस्थता, वस्तुनिष्ठता और यथार्थता के संदर्भ में "कोड ऑफ एथिक्स एण्ड ब्रॉडकास्टिंग स्टैण्डड्र्स" के उल्लंघन का जिक्र किया था। एन.बी.डी.एस.ए.ने घटनाओं की रिपोर्टिंग में भड़काऊ भाषण निरोध व साम्प्रदायिक पुट ना देने संबंधी गाइडलाइन्स के उल्लंघन का भी हवाला दिया। एन.बी.डी.एस.ए. ने लव जिहाद पर टाइम्स नॉउ नवभारत के कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि विवादित ब्रॉडकास्ट के अवलोकन से पता चलता है कि, "एंकर ने शुरू में ही यह निष्कर्ष निकाल लिया था कि एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने अपनी धार्मिक पहचान छिपाते हुए अन्य सम्प्रदाय की महिलाओं को फुसलाया और फिर उनके साथ हिंसा की या उनकी हत्या कर दी तथा किसी समुदाय विशेष की महिलाओं के साथ की गई ऐसी हिंसा का संबंध लव जिहाद से है।" एन.बी.डी.एस.ए. ने अपने फैसले में कहा कि, "विवादित ब्रॉडकास्ट के दौरान एंकर के बयानों और उठाए गए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल की यात्रा आज धौलपुर से पुनः शुरू

धौलपुर, 1 मार्च (निसं)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार दो मार्च को धौलपुर से पुनः शुरू होगी। धौलपुर में पैदल रोड शो करने के बाद यात्रा मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में प्रवेश करेगी। इससे पूर्व 25

- यात्रा को 5 दिन का ब्रेक दिया गया था। धौलपुर से यात्रा मध्य प्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेगी।

फरवरी को न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश के आगरा शहर से राजस्थान के धौलपुर जिले में पहुंची थी। उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित बोथपुरा गांव में 25 फरवरी को फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी में राहुल गांधी के समक्ष उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा को न्याय यात्रा का झंडा सौंपा था। जिसके बाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

भोली भाली सूरत वाले होते हैं जल्लाद भी। –उर्दू कहावत

# प्रतिष्ठित डॉक्टरों की सलाह-लेकिन कुछ जिम्मेदारी, कुछ दिक्कतें डॉक्टरों और मरीजों की भी

पिछले कुछ दिनों दो प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक अखबारों में दो प्रतिष्टित चिकित्सको के लेख पढें, जिन से मुझे वर्तमानं परिस्थितियों में डाक्टर, बीमार, जांच और इलाज पर आम लोगों की कुछ प्रतिक्रियाएं आप तक पहुंचाने का साहस हुआ। मैं जिन लेखों की बात कर रहा हूँ उनका शीर्षक है--"बुखार: एक प्रकृति प्रदत्त सुरक्षाचक्र ! है" तथा "बेअसर होती दवाएं एक नया संकट खड़ा कर सकती है"।

इन लेखों में एनटीबियोटिक दवायों के न्यूनतम उपयोग की सलाह दी है और इनके ज्यादा उपयोग से होने वाले नुकशान की ओर ध्यान आकृष्ठ किया है। एक लेख की जिस बात पर मुझे यह पंक्तियां लिखने के लिए प्रेरित किया वे है---"---**बुखार उताराने की दवा लिवर को थोड़ा बहुत नुकसान हर हालत में पहुंचती है। इसलिए जहां तक सम्भव हो उनका न्यूनतम उपयोग कीजिये। आपका चिकित्सक यदि एंटीबायोटिक का सुझाव देता है तो उसका औचित्य पूछिये। याद रखिये कि जब आप चिकित्सक को परामर्श शुल्क देते है तो फिर परामर्श लेने से हिचकिचाते क्यो हैं?--शरीर प्रकृति द्वारा निर्मित है तो प्रकृति के अनुसार ही जीना है-----बुखार नहीं बुखार के कारण का उपचार करना है--।**

दूसरे लेख की मुख्य बात यह है कि एंटीबायोटिक दवाओं के ज्यादा, अनावश्यक उपयोग से रोग विषाणुओं में उनसे अपने बचाव के लिए स्वयं में कुछ परिवर्तन कर लेते है और दवा उन पर बेअसर हो जाती है। दूसरी, तीसरी व इस से भी आगे की नई नई दवाई आएंगी और रोग विषाणु भी वैसे ही बचाव के तरीके ढूंढेगे और दवाएं बेअसर होती जाएगी।

सर्व प्रथम तो यह **डॉक्टर का दायित्व है कि जरूरी से अधिक एंटीबायोटिक या अन्य दवाइयां-जांचे लिखे ही क्यों?** किन्तु केवल इतना कह देने से समस्या का निदान नहीं होता। बहुत सी बार मरीज स्वयं पुरानी नुस्खा पर्ची पर दवाई लेता रहता है । अधिकांशत: केमिस्ट भी पर्ची चालू है या पुरानी इस बात को नजरअंदाज करते हैं। सरकारी आदेश से यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत कठिन है कि केमिस्ट चालू नुस्खे पर ही दवा दें, यद्यपि नैतिक दृष्टि से यह उनका दायित्व है।

**डाक्टर समुदाय की आलोचना नहीं किन्तु कई बार सुनने में आता है कि कुछ लोग अनावश्यक अधिक दवाई-जांचे लिखते हैं।** एक ही व्याधि के लिए आवश्यकता से अधिक व एक साथ कई दवाइयां इसलिए लिखते हैं ताकि मरीज जल्दी ठीक हो जाए। इस से डॉक्टर का फौरी प्रचार-प्रसार हो जाता है। ज्यादा मरीज उनसे इलाज कराने को आकर्षित होते हैं। इस प्रकार की प्रवर्ती ग्रामीण इलाकों, छोटे शहरों में कार्यरत परामर्श देने वालों में व गरीब व निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के बीमार व्यक्तियों में ज्यादा देखी जाती।

**गरीब, अल्पाय व दैनिक आमदनी भोगियों की अपनी समस्या है। उनके लिए बार बार डॉक्टर के पास जाना, बीमार होना धन उपलब्धता व रोजी रोटी की बहुत बड़ी समस्या उतपन्न कर देता है।वे चाहते है तुरन्त स्वास्थ्य लाभ और रोजगारी कर घर चलाएं। इसलिए अपनी सुविधा या मजबूरी के चलते पुराने नुस्खों पर दवाई लेते रहते हैं।**

**डॉक्टरों की नैतिकता, प्रतिबद्धता की भी कई अत्यंत उम्मदा/उत्कृष्ट कहानियां भी जन सामान्य से सुनने को मिलती है।** यहां बिना नाम लिखे में कुछ डॉक्टर्स की नैतिकता व पेशे के स्टैंडर्ड्स के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के बारे में लिखना चाहता हूं।

**सर्व प्रथम तो यह डॉक्टर का दायित्व है कि जरूरी से अधिक एंटीबायोटिक या अन्य दवाइयां-जांचे लिखे ही क्यों? किन्तु केवल इतना कह देने से समस्या का निदान नहीं होता। बहुत सी बार मरीज स्वयं पुरानी नुस्खा पर्ची पर दवाई लेता रहता है । अधिकांशतः केमिस्ट भी पर्ची चालू है या पुरानी इस बात को नजरअंदाज करते हैं। सरकारी आदेश से यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत कठिन है कि केमिस्ट चालू नुस्खे पर ही दवा दें,यद्यपि नैतिक दृष्टि से यह उनका दायित्व है।**

एसएमएस अस्पताल के पूर्व अधीक्षक, अत्यंत सम्मानित व वरिष्ठ डॉक्टर रिटायरमेंट के बाद दुर्लभजी अस्पताल में सेवाएं दे रहे थे। एक महिला मरीज उनके पास नुस्खों के पर्चे व दवाओं का ढेर लेकर आई। कहने लगी न जाने कितने डॉक्टरों को दिखा लिया और कितनी दवाई खा ली किन्तु पेट की तकलीफ ठीक ही नहीं हो रही। डॉक्टर नें बड़े ध्यान से धैर्यपूर्वक उसे सुना और जो कहा वह हूबहू लिख रहा हूँ--ठीक है माता जी,यह दवाइयां बंद करदो और यह एक दवाई 5-7 दिन लेना और फिर भी कभी ऐसा ही हो तो खाने के आधा पौण घण्टे पहले ले लिया करो,आराम आजाएगा। शायद,उस समय 5 रुपए की दवा नें उसे राहत दे दी। **ओर भी बहुत से ऐसे डाक्टर होंगे किन्तु शायद वे डॉक्टर्स की कुल संख्या की तुलना में कम ही होंगे।**

बहुत पहले, करीब 40 साल पहले कोटा में एक बच्चों के डॉक्टर थे। उनका उसूल था कि अस्पताल समय खत्म होने पर चाहे 100 आदमी लाइन में हों, जब तक लास्ट मरीज को नहीं देख लेते थे, सीट नही छोड़ते थे। दो जगह घर पर देखते थे, शायद 5 रुपये फीस, उसमें भी कोई अत्यंत गरीब-मजदूर नहीं दे सके तो नहीं लेते थे और सेम्पल की दवाइयां ऐसे लोगों को देते थे।

जयपुर के एक डॉक्टर नें एक मरीज को कुछ जांच करने के लिए पर्ची लिखी। मरीज पास के जांच सेंटर में जांच कराने पहुंचा। उस से पहले व्यक्ति से, जांच केंद्र वाले नें एक राशि वसूल की और इस व्यक्ति से उससे काफी कम राशि ली। उस व्यक्ति नें पूछ लिया, भाई इतना अंतर क्यों? उसका जवाब था, **आप जिस डॉक्टर को दिखा कर आये हो वे हमारे से कमीशन नहीं लेते,सो उतना कम कर देते है।** सम्बंधित डॉक्टर भी एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक पद से रिटायर हुए हैं।

जेनेरिक दवाइयों को लेकर भी कई भ्रांतियां, समस्याएं हैं। सबसे बड़ी समस्या तो यह है कि इनके नाम बहुत बड़े व आसानी से मरीज और शायद, डॉक्टर भी, याद रख सके ऐसे नहीं।

उदाहरण के लिए पेट में एसिडिटी एक सामान्य समस्या है और कई संक्षिप्त नाम यथा टोप्सिड आदि लेने का परामर्श डॉक्टर देते हैं। इसका जेनेरिक नाम है--Pantoprazole gastro resistant and Compartidone prolonged release capsules. आदि। इसी प्रकार के नाम अन्य छोटी छोटी शारीरिक व्याधियों की दवाइयों के है। जेनेरिक दवाइयों के बड़े नाम होंने के कारण निजी क्षेत्र में काम करने वाले अधिकांश डॉक्टर्स ब्रांडेड नाम से ही दवाइयां लिखते है। अपने घरों पर परामर्श देने वाले सरकारी डॉक्टर्स भी यही करते हैं।

इसके लिए सरकार के स्तर से रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, बुखार, जुकाम, विभिन्न प्रकार के वाइरल बुखार, एंजाइना व हृदय सम्बन्धी अन्य बीमारियों की व अन्य इसी प्रकार की सामान्य बीमारियों के लिए छोटे व आसानी से याद रहने वाले नाम दिए जाएं। ऐसा सॉफ्टवेयर/तालिका तैयार हो जिस से जनऔषधि स्टोर्स, सरकारी औषधि वितरण केंद्र से जो औषधि जेनेरिक नाम से बेची-इश्यू की जाए, उसके बिल में साथ यह संक्षिप्त नाम ऑटोमेटिक अंकित हो जाए। इस से मरीज आसानी से ध्यान रख सकेगा कि कोन सी दवाई किस बीमारी के लिए है।

जेनेरिक दवाइयों की गुणवत्ता (क्वालिटी) पर आम जन का विश्वास भ्रांतियों के कारण अथवा कुछ कुछ सही कारणों से, अभी तक जमा नहीं। एक सरकारी डॉक्टर साहब से लेखक नें पुछ लिया की जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता के सम्बंध में उनका क्या विचार है? उन्होंने काउंटर प्रश्न कर लिया कि मेरी इस सम्बंध में क्या राय है? मेरे पास एक मरीज का बताया अनुभव था, वैसा उन्हें बता दिया कि उसने उच्च रक्तचाप नियंत्रण के लिए जनऔषधि स्टोर से जेनेरिक दवाई ली किन्तु उसे वापस सम्बंधित ब्रांडेड दवा लेनी पड़ी।

**डॉक्टर महोदय नें बड़ी सधी प्रतिक्रिया दी कि-----**

दवाओं की कीमत तो कम होनी ही चाहिए और जेनेरिक दवाइयों के जरिये यह किया जा रहा है। बहुत से मरीज लाभान्वित भी हो रहे हैं । यह भी सही है कि कई लोग गुणवत्ता के सम्बंध में आशंका तो व्यक्त करते हैं। आगे उनका कहना था कि क्वालिटी सुनिश्चित करने के लिए सरकार नें ड्रग विभाग के अधिकारियों के लिए निरीक्षण,बनती दवाओं की क्वालिटी जांच व बाजार में आई दवाओं के औचक नमूने लेना व गुणवत्ता जांचना आदि कई प्रावधान कर रखे है किन्तु अंततोगत्वा यह सब करने वालों में से कुछ लोग, विभिन्न प्रलोभनों या कर्तव्यहीनता के चलते कहीं न कहीं शिथिलता बरतते होंगे और खराब क्वालिटी औषधियां बाजार में आ जाती हैं।

अंत में फीस देकर परामर्श के लेना व मरीज अधिकारपूर्वक सारी जानकर लेने की राय पर----- राय सोलह आने सही किन्तु हर मरीज डॉक्टर से लगातार तो पुछ नहीं सकता और अधिकांशत: एक जवाब होता है--**बाहर सिस्टर या कम्पाउंडर या केमिस्ट सब समझा देंगे।** क्या हम यह आशा कर सकते हैं कि एक गरीब, अल्पशिक्षित, अल्पाय वाला व्यक्ति डॉक्टर जिसके क्लिनिक पर बाहर 100-50 मरीजों की लाइन लगी हो, वह बार-बार अपनी शंका समाधान की बात पूछने का साहस करेगा? यह काम तो स्वयं डॉक्टर का दायित्वबोध ही करेगा कि वह बोल कर या लिख कर दवाइयों-जांचों की आवश्यकता को विस्तार से मरीज को समझाये।

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# जोहड़ व खाई खुदाई का कार्य अधूरा, ठेकेदार ने 43 लाख का भुगतान उठाया

## 10 माह पहले दिया था सफाई व खुदाई के लिए 55 लाख का टेंडर

**किशनगढ बास,** (निसं)। शहर में बरसात व गंदे पानी की निकासी को लेकर नगर पालिका ने वर्षों पुरानी किले के चारों ओर निर्मित सरकारी खाई व जोहड़ की खुदाई तथा सफाई के लिए 2023 में करीब 10 माह पहले प्लान तैयार कर लगभग 55 लाख रुपए में एक अलवर की फर्म के नाम टेंडर छोड़ा था। बताया जा रहा है कि 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर ठेकेदार लगभग 43 लाख रुपए के बिल उठा चुका है और करीब 6 माह से खुदाई व सफाई का कार्य रुका हुआ है। ठेकेदार को 80 प्रतिशत भुगतान किया जाना लोगों में चर्चा का विषय है।

43 लाख रुपए जोहड़ व खाई खुदाई पर खर्च किए जाने के बाद भी नहीं लगता कि बरसात का व शहर के नाले नालियों का पानी पहुंच पाएगा। सवाल यह उठता है कि जब सफाई व खुदाई का कार्य अभी पूरा ही नहीं हुआ तो फिर नगर पालिका ने ठेकेदार के करीब 43 लाख के बिलों का पेमेंट कैसे कर दिया जो एक जांच का विषय है। जानकारी के अनुसार किले के चारों ओर जल भराव के लिए बनी खाई व जोहड़ की सरकारी भूमि पर पक्के स्थाई व अस्थाई रूप से लोगों ने कब्जा किया हुआ है। लेकिन नगर पालिका ने एक भी अतिक्रमण को चिन्हित नहीं किया और नहीं कोई कार्रवाई की। अतिक्रमण को हटाया जाना तो दूर नगर पालिका ने सरकारी जोहड़ व खाई की पैमाइश तक नहीं कराई है। जबकि लोगों की माने तो नगर पालिका बनने से पहले ग्राम पंचायत ने जोहड़ व खाई में लोगों को पट्टे बनाकर दिए हुए हैं। कई कई स्थान पर लंबी चौडी खाई गली का रूप ले चुकी है तो वहीं लंबा चौडा जोहड़ नाले का रुप ले चुके हैं।



किशनगढ़ बास में गंदगी से लबालब भरा जोहड़।

- **करीब छह माह से खुदाई व सफाई का कार्य रुका हुआ है**

शहर के लोगों का कहना है कि मानसून आने से पहले पालिका की ओर से बारिश व गंदे पानी निकासी के लिए उचित प्रबंध कर पानी निकासी के रास्तों पर से अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो किशनगढ़ बास में बाढ़ जैसे हालात फिर से पैदा हो सकते हैं। जिसके लिए जिम्मेदार नगर पालिका और उपखंड प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि होंगे। पूर्व में भी अनेक बार मानसून के आने पर बाजारों में बारिश का पानी भरने से व्यापारियों का बड़ा नुकसान हुआ है। ईओ जगदीश खीचड़ का कहना है कि मुझे चार्ज लिए कुछ दिन हुए है। फाइल देखकर ही बताया जा सकता है बाहर होने के कारण आज कुछ नहीं बता पाऊंगा। सोमवार को मालूम कर लेवें। वैसे सफाई व खुदाई का मामला कल ही मेरे सामने आया है।

# उदयपुर में दुर्लभ सांप मिला



उदयपुर में रेस्क्यू सेंटर के चमन सिंह चौहान ने दुर्लभ सांप को पकड़ा।

**उदयपुर,** (कासं)। प्रतापनगर के पास रेबारियों का गुडा में सांप होने की सूचना वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर के संभागीय अध्यक्ष चमन सिंह चौहान को प्राप्त हुई तो लक्ष्मीलाल व निर्मल गमेती मौके पर पहुंचे एक छोटा सांप घर के बाहर पत्थरों में बैठा था।

केंद्र अध्यक्ष चमन सिंह चौहान ने बताया कि यूरेशियन ब्लैक हेडेड काले मुंह का सांप कहलाता है इस सांप की लंबाई 1 फिट होती है यह सांप मुख्यत: लोगों के घरों के आसपास मिल जाता है लंबाई छोटी होने के कारण कोई ध्यान नहीं देता यह सांप रेस्क्यू में बहुत कम मिलता छोटा होने के कारण अक्सर लोग इसको मार देते हैं। सांप का भूरे रंग का होता है जिसका मुंह काला कलर होता है। बहुत ही खूबसूरत सांप है। यह सांप बिना जहर का होता है। इस सांप को काटना नहीं आता। यह सांप घरों के आसपास कीट पतंगे छोटे कीड़ों को अपना आहार बनता है। पर्यावरण संतुलन के लिए यह सांप बहुत जरूरी है संस्था ने इससे पहले भी कहीं दुर्लभ सांपों को रेस्क्यू किया है।

- **" यूरेशियन ब्लैक हेडेड " काले मुंह का सांप कहलाता है इस सांप की लंबाई एक फीट होती है**
- **सांप का भूरे रंग का होता है जिसका मुंह काला कलर का होता है, यह बिना जहर का होता है**

# आयुष महिला चिकित्सक 86 दिन के अवकाश पर, कंपाउंडर का भी तबादला

## सांभर के आयुष हैल्थ एंड वेलफेयर सेंटर पर लटका ताला

**सांभरझील,** (निसं)। राजकीय यूनानी औषधालय में विभाग के अधिकारियों की मेहरबानी के चलते यहां पर पदस्थापित एकमात्र महिला चिकित्सक की 86 दिन का सीसीएल अवकाश स्वीकृत कर औषधालय को रामभरोसे छोड़ दिया है। वहीं दूसरी और औषधालय में कार्यरत कंपाउंडर भगवान सहाय महर्षि का उनकी स्वेच्छा के आधार पर श्रीमाधोपुर स्थानांतरण कर दिए जाने के बाद अब आयुष हैल्थ एंड वेलफेयर सेंटर पर ताला लटका हुआ है।

विभाग के डायरेक्टर के मौखिक आदेश पर कंपाउंडर को बाकायदा राजकीय यूनानी औषधालय मरवा (दूदू) के चिकित्सक हनीस खान ने यहां आकर उन्हें नियमानुसार रिलीव कर दिया लेकिन डायरेक्टर ने इस औषधालय के नियमित संचालन के लिए किसी अन्यत्र कंपाउंडर व चिकित्सक को नियुक्त करने के कोई आदेश जारी नहीं करने से यह औषधालय बंद पड़ा है।

- **अतिरिक्त निदेशक व सहायक निदेशक को जानकारी दी गई तो वह भी असमंजस में पड़ गए**

खास बात यह भी है कि जिन अधिकारियों ने चिकित्सक की इतनी लंबी अवधि का अवकाश स्वीकृत किया है उसकी शायद जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को भी नहीं दी गई है और न ही उसकी छुट्टियां निरस्त की जा रही है। जब इस बात की जानकारी अतिरिक्त निदेशक महमूद हसन व सहायक निदेशक हनुमान सहाय को दी गई तो वह भी असमंजस में पड़ गए कि क्या व्यवस्था की जाए।

उनका यह भी कहना था कि ट्रांसफर की प्रक्रिया सरकार के अधीन है इसलिए वे कुछ नहीं कर सकते लेकिन नजदीकी किसी स्टेशन से सप्ताह में तीन दिन किसी चिकित्सक को डेपुटेशन पर लगाने के आदेश शीघ्र जारी करेंगे, फिलहाल इस औषधालय पर निर्भर मरीज अपने इलाज व स्वास्थ्य चेकअप के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।



सांभर का आयुष हेल्थ एंड वेलफेयर सेंटर चिकित्सक के नहीं होने से बंद पड़ा है।

# फ्रांस के सैलानियों ने देखा सोनार किला

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। विश्व विख्यात सोनार दुर्ग को शुक्रवार को फ्रांस के सेलानियों के समूह ने निहारा। सैलानियों ने बताया कि दुर्ग के राजसी महल के अग्र भाग में पीत पाषाण पर की गई बारीक चित्रकारी हमने जीवन में पहली बार देखी है।

सैलानी दुर्ग में स्थित जैन मंदिर के बाहरी भाग में पीले पत्थर पर की गई बारीक कारीगरी को देखकर अभिभूत हुए। ज्ञात रहे कि फ्रांस के पर्यटकों की पहली पसंद जैसलमेर है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गणतंत्र दिवस पर भारत के मुख्य अतिथि रहे। फ्रांस आर्मी के सेनाध्यक्ष जनरल पियरे शिल भी गुरुवार को जैसलमेर फील्ड फायरिंग रेंज आये। फ्रांस के सेलानियों ने बताया कि हमारे मन को जैसलमेर में शकून मिलता है। यही कारण है जिससे हमारे देश के ज्यादा से ज्यादा पर्यटक जैसलमेर भ्रमन पर आ रहे हैं।

सैलानियों के समूह को जैसलमेर लेकर आये गाइड धर्मेन्द्रसिंह नरुका ने बताया कि फ्रांस के सेलानियों की पहली पसंद जैसलमेर है।

मीलों तक फैली सुनहरी रेत पर गोल्डन सिटी के सम में सेलानियों ने केमल सफारी का लुत्फ़ उठाया। सोने जैसी रेत वाला रेगिस्तान, शानदार किला , पटुवा हवेलियां और राजसी ठाठ- बाट की झलक देखी। फ्रांस के सैलानियों बताया कि हम जैसलमेर दुबारा भी आएंगे।



विश्व विख्यात सोनार दुर्ग को फ्रांस के सैलानियों के समूह ने निहारा।

- **दुर्ग में स्थित जैन मंदिर के बाहरी भाग में पीले पत्थर पर की गई बारीक कारीगरी को देखकर अभिभूत हुए सैलानी**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शनिवार 2 मार्च, 2024

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र प्रात: 7:54 तक, व्याघात योग सांय 6:06 तक, वणिज करण प्रात: 7:24 तक, चन्द्रमा आज प्रात: 8:17 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मेष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

रवियोग दिन 2:42 तक है। त्रिपुष्कर योग प्रात: 7:54 से दिन 2:42 तक रहेगा। भद्रा प्रात: 7:24 से रात्रि 8:20 तक रहेगी। आज षष्ठी तिथि में वृद्धि होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:20 से 9:46 तक, चर 12:39 से 2:05 तक, लाभ-अमृत 2:05 से 4:58 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:58, सूर्यास्त 6:25

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**सिंह**
घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक विवादों से राहत मिलेगी।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। चलते कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। परिवार में शुभ कार्य बनने लगेंगे।


**धनु**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार




## डबल इंजन सरकार का संकल्प

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

"समान शिक्षा का मतलब है... शिक्षा के साथ-साथ संसाधनों तक समान पहुंच, हर बच्चे की समझ और पसंद के हिसाब से उसे विकल्पों का मिलना और स्थान, वर्ग, क्षेत्र के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित न रहें। प्रदेश में गांव-ढाणियां और दूरदराज के क्षेत्रों के विद्यालयों में सबको शिक्षा के समान अवसरों के लिए हम संकल्पबद्ध हैं।"

भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

## मोदी की गारंटी

## भजनलाल सरकार कर रही साकार

# सबकी शिक्षा हमारी जिम्मेदारी

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति
राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध

### पीएम श्री योजना
402 पीएम श्री विद्यालयों का उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में विकास

### ई-कंटेंट
राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के कम्प्यूटराइजेशन से विद्यार्थियों को अब मोबाइल एप एवं ई-कंटेंट की घर बैठे सुविधा

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सहायता
स्कूल बैग, किताबें एवं यूनिफार्म उपलब्ध कराने के लिए रुपये 500 की सहायता

### निःशुल्क शिक्षा
अब अल्प आय वर्ग, लघु/सीमान्त/बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों के परिवार के छात्र-छात्राओं को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

### नवीन पुस्तकों की व्यवस्था
अंग्रेजी व्याकरण, जीवन कौशल, कम्प्यूटर शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा की नवीन पुस्तकों की व्यवस्था

### प्रश्न बैंक
10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को "प्रश्न बैंक" उपलब्ध कराने की पहल

### माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की योजनाएं

- उच्च माध्यमिक परीक्षा में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला वर्ग, वरिष्ठ उपाध्याय, सैकण्डरी एवं प्रवेशिका परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति
- एकल पुत्री/द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार योजना
- प्रदेश के पांच जनजाति जिलों बांसवाड़ा, उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ एवं सिरोही में सर्वोच्च प्राप्तांक वाले छात्र व छात्राओं को रुपए 1000 प्रतिमाह की दर से 1 वर्ष के लिए छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना

राजस्थान संवाद

**स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान**

# प्रदेश में पलटा मौसम, आकाशीय बिजली गिरने से छह जनों की मौत

## लालसोट क्षेत्र, सवाईमाधोपुर में, चाकसू के देवगांव में बरसात व आकाशीय बिजली ने तबाही मचाई

**लालसोट/बौंली-बामनवास/चाकसू,** (निसं)। प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को अचानक हुये मौसम में बदलाव के कारण कई जगहों पर मेघ गर्जना के साथ बरसात हुई। वहीं कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से कई लोगों की मौत हो गई वहीं कई पशु भी मर गये।

जानकारी के अनुसार लालसोट उपखंड क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह पर मौसम खराब होने के बाद आकाशीय बिजली गिरने से एक छात्रा एवं एक युवक की झुलसने से मौत हो गई। पहली घटना उपखंड क्षेत्र के दौलतपुरा ग्राम में की है जहां नली वाली ढाणी निवासी स्कूल से पढ़ाई कार्य कर लौट रही दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा चाइना मीना पर आकाशीय बिजली गिरने के बाद परिजन छात्रा को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों द्वारा छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद झापदा थाना अधिकारी मदनलाल मीणा मौके पर पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली।

दूसरी घटना शहर के देवली मोड़ के पास घटित हुई। आकाशीय बिजली गिरने से बाइक सवार शाहरूख अचेत होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों को जानकारी मिलने पर युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया गया।



बौंली-बामनवास में बिजली गिरने से भेड़ों की मौत हो गई।

वहीं सवाईमाधोपुर जिले में शुक्रवार को दोपहर करीब 12:30 बजे बाद अचानक मौसम के परिवर्तन हो जाने से तेज गर्जना के साथ वर्षा का दौर शुरू हो गया एवं तेज मेघ गर्जना से हुई दुर्घटना में प्राकृतिक बिजली गिरने से पति-पत्नी एवं एक चरवाहे सहित करीब 30 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी अनुसार सवाई माधोपुर जिले के बौंली-बामनवास में शुक्रवार को करीब 12:30 बजे बाद अचानक मौसम खराब हो गया एवं तेज मेघ गर्जना के साथ ओलावृष्टि एवं वर्षा का दौर शुरू हो गया। इसी दौरान चौथ का बरवाड़ा तहसील के बगीना गांव में अपने खेत पर सरसों की फसल काटने लावणी करने गई जलेबी देवी मीणा (28) एवं उनके पति राजेंद्र मीणा (30) वर्ष के ऊपर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर आसपास के खेतों में कार्य कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर दोनों को चौथ का बरवाडा चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के दो बालिका व एक बालक है जो अनाथ हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक जितेंद्र गोठवाल मौके पर पहुंचे एवं परिजनों को सांत्वना दी। पुलिस ने दोनों के शवों के पोस्टमार्टम की औपचारिकता पूरी कर परिजनों के सुपुर्द कर दिए। दूसरी अन्य घटना में मित्रपुरा तहसील के नानतोडी गांव के निवासी चरवाहा धन्नालाल मीणा 35 वर्ष प्रतिदिन की तरह अपनी करीब 100 सौ भेडों को लेकर जंगल में चराने गया हुआ था। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई एवं बिजली के गिरने से करीब 30 भेडों की भी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मित्रपुरा पुलिस मौके पर पहुंची एवं चिकित्सालय में मृतक के शव को ले जाकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। समाचार लिखे जाने तक भी क्षेत्र में वर्षा का दौर जारी है।



मृतका चाइना मीना



मृतक शाहरुख खान

चाकसू के देवगांव में खेत पर काम कर रही 2 महिलाओं पर आकाशीय बिजली गिर गयी। बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गयी व दूसरीं महिला घायल हो गयी जिसकी हालत गम्भीर होने पर जयपुर रैफर कर दिया। गौरतलब है कि देवगांव में खेत पर देवरानी विमला पत्नी सीताराम व जेठानी बीना पत्नी गणेश जाट खेत पर कार्य कर रह थी। उस वक्त जोरदार गर्जना के साथ बिजली दोनों महिलाओं पर गिर गयी जिससे एक महिला बिमला देवी घायल हो गयी जिसे उपजिला अस्पताल चाकसू में लाया गया लेकिन उसकी हालत गम्भीर होने पर जयपुर रैफर कर दिया। वही दूसरीं महिला बीना देवी ने दम तोड दिया।

**मालपुरा में ओलावृष्टि से सरसों की फसल में नुकसान :-** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के कई गांवों में हुई ओलावृष्टि से सरसों की फसल में नुकसान हुआ। किसानों ने बताया कि गोलीपुरा व बरोल गांव में चने के आकार के ओले गिरने व रूक-रूक कर हुई बरसात से खेतों में कट कर रखी सरसों की फसल को ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है। बेमौसम से हुई ओलावृष्टि से गैंहू व चने के साथ-साथ जीरा की फसल में भी नुकसान होने की जानकारी मिली।

## श्रीगंगानगर : मौसम में बदलाव आया, कई जगह बूंदाबांदी हुई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। मौसम में शुक्रवार को एकाएक बदलाव आया। सुबह से लेकर दोपहर तक आसमान में घने बादल छाए रहे। वहीं सुबह कई जगह हल्की बूंदाबांदी होने से सर्दी का फिर से अहसास होने लगा। पिछले कुछ दिनों से चल रही तपिश एकाएक थम गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इलाके में पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले तीन दिन तक बारिश के साथ ही कहीं-कहीं ओलावृष्टि के भी आसार है। हालांकि गुरुवार रात से बादल छाने शुरू हो गए थे। शुक्रवार को इसके प्रभाव से हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने लगी। अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर ओले गिरने की संभावना भी रहेगी। इसके बाद तीन मार्च को भी कुछ जगहों से हल्की से मध्यम बारिश होगी। बादल छाए रहने के कारण रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। हालांकि इसके बाद धुंध छाएगी और तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आएगी।

श्रीगंगानगर मौसम विभाग ने मौसम में बदलाव आने की भविष्यवाणी करते हुए शुक्रवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। आंधी के साथ तेज बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। फसलों के लिए इस तरह का मौसम नुकसानदायक होता है। मौसम विभाग ने 2 मार्च के लिए येलो अलर्ट जारी किया था। बारिश का दौर इस दिन भी चलेगा। बारिश और बादलवाही से इलाके में सर्दी का असर बढ़ सकता है। पूरी संभावना है कि मौसम जनजीवन को प्रभावित करेगा।

## मसूदा में ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश

**मसूदा,** (निसं)। शुक्रवार को मौसम में अचानक आए बदलाव के चलते आज प्रातः से ही कस्बे में बादल छाए रहे। वहीं दोपहर में उपखंड क्षेत्र के कई गांव में बूंदाबांदी के साथ ओलावृष्टि हुई जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर में उपखंड क्षेत्र के ग्रामों में जिसमें सतावड़िया ,चावंडिया, जाल खेड़ा, सथालिया, देव मंगरी, केरिया, नासून सहित कई गांव में छोटे-छोटे ओले गिरे जिससे किसानों के सामने मुश्किलें बढ़ गई। किसान सांवर लाल, प्रभु लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ओलावृष्टि से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इसके चलते क्षेत्र में बोई गई जीरे की फसल खत्म हो गई है। वहीं गेहूं में चने की फसलों में भी काफी नुकसान हुआ है जिससे किसानों के मुश्किलें बढ़ गई है।



मसूदा उपखंड क्षेत्र के कई गांवों में ओले गिरे।

## बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी

**गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी सहित आसपास के क्षेत्र में दोपहर को एकाएक मौसम का मिजाज बदल गया। गंगापुर सिटी मुख्यालय सहित आसपास के सभी उपखंड क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को बारिश का दौर शुरू हो गया। लेकिन बारिश ने किसानों की चिंता बढा दी है। इस दौरान गंगापुर सिटी उपखंड मुख्यालय सहित आसपास के कुछ इलाकों में तेज बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र में बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। इसी के चलते दोपहर 1.30 बजे आसमान में तेज गर्जना के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया, जो करीब 15-20 मिनट तक चला। इस दौरान कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश होने से सडकों पर पानी बह निकला। बारिश होने के कारण मौसम में एक बार फिर से ठंडक छा गई है। पिछले दो-तीन दिनों से क्षेत्र में लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही थी। बारिश के चलते सबसे अधिक परेशान किसान नजर आ रहे हैं।

## सफाई कर्मचारी के 24,797 पदों पर होगी भर्ती

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार के 186 नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारी के 24 हजार 797 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञिप्त के अनुसार इन पदों के लिए आवेदन 4 मार्च से प्रारम्भ होंगे। उल्लेखनीय है कि लेखानुदान (बजट) 2024-25 में राज्य सरकार ने 70 हजार सरकारी नौकरियों पर भर्ती की घोषणा की थी। बजट में प्रत्येक संभाग में रोजगार मेलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं।

## सीएमएचओ ने चिकित्सा संस्थानो का निरीक्षण किया

पोकरण। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल ने शुक्रवार को सीएचसी भणियाणा, सांकडा व फलसूंड तथा पी एच सी भीखोडाई का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारियो से जननी सुरक्षा योजना व मुख्यमंत्री राजश्री योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के बकाया भुगतान का आगामी सात दिवस में पूर्ण रूप से भुगतान करने के निर्देश दिये। डॉ पालीवाल ने आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र लाभार्थियों की शत प्रतिशत ई केवाईसी कार्य आवश्यक रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए, उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक को गोली मारी

### घायल हुए युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**धौलपुर,** (निसं)। कंचनपुर थाना क्षेत्र के कोलूआ गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की मारपीट कर पैर में गोली मार दी गई। गोली लगने से घायल हुए युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक के पर्चा बयान लेने के बाद पुलिस ने एक नामजद आरोपी सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

मारपीट और फायरिंग में घायल हुए युवक लोकेन्द्र सिंह (40) पुत्र फूल सिंह गुर्जर, निवासी कोलूआ ने बताया कि खेत की मेढ को लेकर उसका गांव के ही अमरेश गुर्जर से विवाद चल रहा था। बीती रात्रि युवक बाइक से धौलपुर से अपने गांव कोलुआ जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में जगरियापुरा की तरफ से फौदपुरा के लिए जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहले से खड़े अमरेश सहित तीन लोगों ने उसके लाठी मार दी। उसकी बाइक को रोककर आरोपी अमरीश ने देसी तमंचे से फायरिंग कर दी।

फायरिंग में गोली उसके के पैर में लग गई। जिसके बाद आरोपी भाग निकले। घटना के बाद घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले को लेकर कंचनपुर थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि फायरिंग की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज किया है। जिस मामले में पुलिस जांच करते हुए फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## ह्रदयांश के सहयोग के लिए मुहिम चलाई

- उप निरीक्षक के बेटे ह्रदयांश जिसकी उम्र 1 साल 8 माह है, जिसका जीवन खतरे में है

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। सर्व समाज सहायता टीम करौली के सदस्य करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से सर्व समाज सहायता करौली को सूचना मिली कि जिला डीग में पदस्थापित नरेश शर्मा, उप निरीक्षक के बेटे ह्रदयांश जिसकी उम्र 1 साल 8 माह है जिसका जीवन खतरे में है जो कि एक स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी नामक दुर्लभ बीमारी के खिलाफ बहादुरी से लड़ रहा है तो मुहिम चलाने का मानस बना।

यह एक दुर्लभ आनुवांशिक विकार है जो कि बच्चे की गतिशीलता, सांस लेने की क्षमता और सामान्य जीवन जीने की क्षमता पर प्रभाव डालता है। इनके परिवार के सामने इस दुर्लभ बीमारी ने एक अत्यधिक दुर्लभ चुनौती प्रस्तुत की है जिससे इनका परिवार व्यथित व गहरे सदमे में है। चिकित्सक की राय के अनुसार इस बीमारी का एक मात्र उपचार जोल्जेंस्मा नामक इन्जेक्शन एक उत्कृष्ट जीन चिकित्सा उपचार है, जो इस प्रकार की इस बीमारी से ठासित बच्चों को जीवन जीने की आशा प्रदान करता है। चिकित्सकों के अनुसार इस इंजेक्शन को इंप्लांट करने की अधिकतम उम्र 24 महीने (दो साल) है। इसलिए इनके पास ज्यादा समय शेष नही है इनके बच्चे का जीवन गंभीर संकटापन्न स्थिति मे है इस इंजेक्शन की कीमत लगभग 17.50 करोड़ रूपए के आस-पास है। इस लिए टीम की ओर से भी सहयोग किया जा रहा है टीम के द्वारा 2 वर्ष पूर्व में 8 परिवार का सहयोग किया है और इस बच्चे के लिए यह 9वी मुहिम है।

# पाक महिला हैंडलर से सम्पर्क वाले चार और लोग इंटेलिजेंस की रडार पर

## सिलाई का काम करने वाले एक व्यक्ति सहित चार अन्य लोगों से भी पूछताछ की गई है, उनके मोबाइल फोन भी खंगाले गए हैं

- जासूसी के आरोप में पकड़े युवक विक्रम सिंह के मोबाइल का डाटा रिकवर करने के साथ उसके बैंक खातों का ब्यौरा भी इंटेलिजेंस एजेंसियां जुटा रही हैं
- पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला हैंडलर्स ने विक्रम के साथ चार अन्य लोगों से भी मोबाइल पर सम्पर्क किया था

**बीकानेर,** (कासं)। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला हैंडलर्स ने विक्रम के साथ चार अन्य लोगों से भी मोबाइल पर सम्पर्क किया था। राजस्थान पुलिस इंटेलीजेंस ने विक्रम सिंह के मामले की जांच शुरू कर दी है।

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में जासूसी के आरोप में पकड़े युवक विक्रम सिंह के मोबाइल का डाटा रिकवर करने के साथ उसके बैंक खातों का ब्यौरा भी इंटेलिजेंस एजेंसियां जुटा रही हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला हैंडलर्स ने विक्रम के साथ चार अन्य लोगों से भी मोबाइल पर सम्पर्क किया था। वे जिस नम्बर से वाट्सअप संचालित करती थी। उसकी डिटेल निकालने पर यह खुलासा हुआ है। इसके बाद सिलाई का काम करने वाले एक व्यक्ति समेत चार अन्य लोगों से भी पूछताछ की गई है। इनके मोबाइल फोन भी खंगाले गए हैं। साथ ही पाकिस्तानी महिला को भेजने के बाद मोबाइल से डिलिट की गई सामग्री को रिकवर कराने की कार्रवाई शुरू की है ताकि यह पता चल सके कि किस-किस तरह की सामरिक महत्व की सूचनाएं लीक की गई है। पुलिस अगले एक-दो दिन में विक्रम को मौका तस्दीक के लिए जयपुर से महाजन लायेगी। खुद को जयपुर की अनिता बताने वाली पाकिस्तानी महिला हैंडलर की साथी अवनीत से भी विक्रम की बातचीत होती रही है। इन दोनों महिला हैंडलर के वाट्सअप नम्बर और सोशल मीडिया प्रोफाइल से जुड़े भारतीय लोगों की इंटेलिजेंस ने निगरानी शुरू कर दी है।

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी का टारगेट भारत में "मेक इन इंडिया" के तहत निर्मित किए जा रहे हथियारों के बारे में जानकारी हांसिल करना है। आईएसआई जासूसी के माध्यम से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि भारत किस तरह के हथियार भविष्य में सेना को सौंपने वाला है। सेना की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में होने वाली गोपनीय गतिविधियों का पता लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। यहां सैन्य अभ्यास के साथ सेना को मिल रहे नए हथियारों का ट्रायल होता रहता है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड, उदयपुर**

क्रमांक:अअ/जिख/अंके/2023-24/9302-51 दिनांक 26.2.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 239/2023-24**

खण्ड अधीनस्थ उपखण्ड में जल जीवन मिशन के तहत जल योजना पदमाओरी पं.सं. गोगुन्दा (राशि 113.69 लाख) कार्य की आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक 11.3.2024 को 18.00 बजे प्राप्त की जावेगी। निविदाओं का विस्तृत विवरण राज्य सरकार के उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकता है।

NIB Code PHE2324A5772
UBN No. PHE2324WSOB13740

अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड, उदयपुर

DIPR/C/1704/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड -पाली ( राज. )**

क्रमांक:4948-68 दिनांक:26.2.2024

**निविदा सूचना संख्या : 18 वर्ष 2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग /रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए,ए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ओनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविद से संबंधित वेबसइट www.dipr.rajasthan.gov.in व http;//sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा के NIB Code है-PWD2324A4734

निविदा के UBN No है- PWD2324WSOB20531, PWD2324WSOB20532 PWD2324WSOB20533, PWD2324WSOB20534

अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड-पाली

DIPR/C/1757/2024

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक निदेशक,**
**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, करौली**
कलेक्ट्रेट कैम्पस, कमरा नं.14, करौली, E-Mail : DLO.KAR@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक-सा.न्या.अ.वि./2024/8066 दिनांक-21/02/2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for Man Power Services (Rasoiya & Chokidar) and Food items (Supply of Specified Commodities Food Grains and other Items in Govt Hostels subject of e- procurement) are invited from interested bidders upto Correspoding 06:00 PM (time) 01-03-2024 (date) and 03:00 PM (time) 05-03-2024 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) and eproc.rajasthan.gov.in of the state; and www.sje.rajasthan.gov.in departmental website and district office. The approximate value of the procurement is For Man Power Service Rs. 60.00 Lacs and For food Items Rs. 88.00 Lacs.

UBN-SOC2324SLOB00266- For Manpower Services
SOC2324GLOB00267- For Supply of Food Grains and other items

(Ravindra Kumar Meena)
AD SJED KARAULI

DIPR/C/1735/2024

**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना संख्या – 17/2023–24**

विश्वविद्यालय द्वारा जारी ई–निविदा सूचना क्रमांक 20002 दिनांक 26.02.2024 के तहत निर्माण कार्यो हेतु निविदा जारी की गई है, जिसका NIB Code GSU2324A0049 एवं UBN Code GSU2324WSOB00052 एवं GSU2324WSOB00053 है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in एवं स्टेट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/23/14054 सम्पदा अधिकारी

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :- न.प.टोंक/निर्माण/2023-24/15855 दिनांक :- 26/02/2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना - 17/2023-24 (NIB No. DLB2324A9150)**

नगर परिषद टोंक की ओर से विद्युत सामान की आपूर्ति हेतु संवेदकों से ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑन लाईन बीड दिनांक 06.03.2024 सायंकाल 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बीड से सम्बंधित अन्य विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.- DLB2324WSOB33770

राज.संवाद/सी/23/14036 आयुक्त

**कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
हवामहल के पीछे, पुराना पुलिस मुख्यालय, बड़ी चौपड, जयपुर

क्रमांक :- एफ8( )/उपा.गै./जननि/2023/660 दिनांक :- 26/02/2024

**ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 53/2023-24**

नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम के कार्यो हेतू एक वर्ष के लिए ट्रेक्टर मय हाईड्रोलिक ट्रॉली मय चालक, रखरखावए POL सहित उपलब्ध करवाने का कार्य हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmcheritage.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2324WSOB01617 देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/23/14068 उपायुक्त (गैराज) नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट. www-udaipurmc.org

क्रमांकः– न.नि.उ./फायर/2023–24/04/527 दिनांकः– 27.02.24

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या – ई 04/2023–24**

नगर निगम उदयपुर की अग्निशमन शाखा में अग्निशमन/रेस्क्यू कार्यो हेतु अनुमानित 58 फायरमेन आवश्यकतानुसार प्रतिदिन उपलब्ध कराने के लिये 2 वर्ष की दर संविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रारम्भ तिथि 29.02.2024 अन्तिम तिथि 20.03.24 हैं। निविदा की अनुमानित लागत 173.30 लाख रुपये हैं। UBN No. UNP2324SLOB00164

राज.संवाद/सी/23/13986 आयुक्त, नगर निगम, उदयपुर

**कार्यालय नगर निगम कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान**

क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/निर्माण/2024/18 - 34 दिनांक :- 23/02/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 02/2023-24**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से कुल 05 कार्यो हेतु कुल राशि 49.20 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 26.02.2024 से दिनांक 07.03.2024 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

UBN No. : DLB2324WSOB33392, 33388, 33390, 33391, 33389

राज.संवाद/सी/23/14043 अधिशाषी अभियन्ता (खण्ड द्वितीय)

**कार्यालय (वि0) नगर निगम कोटा दक्षिण (राज0)**

क्रमांकः–ननिको द./वि0/2024/861–866 दिनांक 26.02.2024

**–:: अल्पकालीन ई–निविदा सूचना ::–**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई–निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/nnks, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अनुमानित राशि 24.21 लाख रूपये)

NIB Code – DLB2324A9132 & UBN – DLB2324WSOB33689

राज.संवाद/सी/23/13990 अधिशाषी अभियंता (वि0)

**कार्यालय नगर पालिका, निवाई**

क्रमांकः–न.पा.नि./स्टोर/2023–24/11369 दिनांकः– 22.02.2024

**ई. निविदा सूचना संख्या :– 18/ 2023–24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन–लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा फार्म एवं ई–निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | NIB Code:- DLB2324A9123 (कुल 6 कार्य) |
| Unique Bid Number | DLB2324SLOB33657<br>DLB2324SLOB33658<br>DLB2324SLOB33676<br>DLB2324SLOB33679<br>DLB2324SLOB33680<br>DLB2324SLOB33682 |
| निविदा की कुल लागत | Rs 132.50 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| निविदा जारी करने की दिनाक | दिनांक 26.02.2024 |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | दिनांक 27.02.2024 को 11:00 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा जमा कराने की दिनांक | दिनांक 07.03.2024 सांय 6:00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक | दिनांक 08.03.2024 को अपराह 2:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | दिनांक 11.03.2024 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | 120 Day |

राज.संवाद/सी/23/13949 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता,**
**जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, खण्ड आमेट**
देवगढ रोड, कोलेज के पास, आमेट-313332, जिला राजसमन्द
Email:eeamet.raj.phed@rajasthan.gov.in, eepheddivamet@gmail.com

क्रमाकः अअ/आ/लेखा/निविदा/2023-24/3034 दिनांक-21/02/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 94-113/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-प्रोक्यूरमेंट निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदायें वेबसाइट http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा संबंधी सूचना वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। निर्धारित निविदा शुल्क व धरोहर राशि का E-Grass चालान द्वारा 32121-अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-आमेट एवं ई-टेण्डरिंग प्रोसेसिंग फीस का E-Grass चालान द्वारा एमडी RISL जयपुर, के पक्ष में जमा होगा।

| क्र.सं. | निविदा | यूबीएन नं. | क्र.सं. | निविदा | यूबीएन नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 94/2023-24 | PHE2324SLRC13392 | 11 | 104/2023-24 | PHE2324SLRC13435 |
| 2 | 95/2023-24 | PHE2324SLRC13395 | 12 | 105/2023-24 | PHE2324SLRC13436 |
| 3 | 96/2023-24 | PHE2324SLRC13397 | 13 | 106/2023-24 | PHE2324SLRC13437 |
| 4 | 97/2023-24 | PHE2324SLRC13400 | 14 | 107/2023-24 | PHE2324SLRC13438 |
| 5 | 98/2023-24 | PHE2324SLRC13406 | 15 | 108/2023-24 | PHE2324WSRC13439 |
| 6 | 99/2023-24 | PHE2324SLRC13408 | 16 | 109/2023-24 | PHE2324WSRC13441 |
| 7 | 100/2023-24 | PHE2324SLRC13410 | 17 | 110/2023-24 | PHE2324WSRC13443 |
| 8 | 101/2023-24 | PHE2324SLRC13412 | 18 | 111/2023-24 | PHE2324WSRC13474 |
| 9 | 102/2023-24 | PHE2324SLRC13417 | 19 | 112/2023-24 | PHE2324WSRC13475 |
| 10 | 103/2023-24 | PHE2324SLRC13434 | 20 | 113/2023-24 | PHE2324 WSRC13476 |

अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड आमेट

DIPR/C/1683/2024

# मेट्रो के सीतापुरा से अंबाबाड़ी फेस की डी.पी.आर. नये सिरे से बनाने के निर्देश



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता, टी. रविकान्त, जयपुर मेट्रो के सीएमडीपी. रमेश सहित जेएमआरसी के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।**

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता पर है। इसे देखते हुए जयपुर मेट्रो को देश भर में मॉडल मेट्रो के रूप में विकसित किया जाये। इस प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आकलन किया जाये ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

- **जयपुर मेट्रो को देश भर में मॉडल के रूप में विकसित करें : भजनलाल शर्मा**

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने मेट्रो के नए फेज सीतापुरा से अंबाबाड़ी एवं विद्याधर नगर तक विस्तार की डीपीआर नए सिरे से बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय कार्ययोजना में शामिल जयपुर मेट्रो के फेज 1-डी (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास पर अजमेर रोड चौराहे तक) का शिलान्यास भी शीघ्र किया जाए। शर्मा ने कहा कि जयपुर मेट्रो की कनेक्टिविटी में शहर के भीड़ वाले प्रमुख स्थलों को सम्मिलित किया जाए। साथ ही भविष्य में इसके विस्तार की संभावनाओं का भी ध्यान रखा जाए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री)शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव (मुख्यमंत्री)आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव (नगरीय विकास)टी. रविकान्त, जयपुर मेट्रो के सीएमडीपी. रमेश सहित जेएमआरसी के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## संदीप भटनागर बने एस.बी.आई. राजस्थान प्रमुख

**जयपुर**, (का.सं.)। संदीप भटनागर ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जयपुर मंडल के राजस्थान प्रमुख के रूप में मुख्य महाप्रबंधक का कार्यभार राजेश कुमार मिश्रा से ग्रहण किया। मिश्रा वर्तमान पद पर सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के बाद 29 फरवरी को रिटायर हो गये हैं। भटनागर ने वर्ष 1994 में प्रोबेशन ऑफिसर के रूप में बैंक में सेवा की शुरूआत की।

## सभी क्षेत्रों में भारत को अग्रणी करने के लिए मिलकर प्रयास करें : राज्यपाल

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने युवाओं का आव्हान किया है कि वे ''विकसित भारत 2047'' की संकल्पना के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में भारत को अग्रणी करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए शिक्षा के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी और उद्यिमता की बड़ी भूमिका होगी। शिक्षण संस्थान इसी अनुरूप भविष्य की दृष्टि के लिए कार्य करें।

मिश्र शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्ययूशन्स द्वारा आयोजित 'शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हैकाथॉन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को उनकी आवश्यकताओं के अनुकूल उद्यमिता के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। उन्होंने शिक्षा को सर्वांगीण विकास का आधार बताते हुए कहा कि बढ़ती आबादी और जरूरतों के हिसाब से तकनीक आधारित सुनियोजित विकास जरूरी है। उन्होंने प्रौद्योगिकी, शोध और अनुसंधान तथा नवाचारों का सही इस्तेमाल राष्ट्र निर्माण में लिए जाने पर जोर दिया। इससे पहले उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं उनके शोध कार्यो को नई दिशा देने के लिए प्रकाशित तकनीकी शिक्षा से जुड़ी ''टेक्नीकोन'' पत्रिका और हिंदी में कृषि विषयक पत्रिका 'किसान इन्टरनेशनल' का लोकार्पण किया।

# जे.जे.एम.घोटाले में ईडी ने ठेकेदार के बेटे को गिरफ्तार किया

**जयपुर**। जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएचईडी के ठेकेदार पदम चंद जैन के बेटे को गिरफ्तार किया है। ईडी ने आरोपी पीयूष जैन को कोर्ट में पेश कर 4 दिन का रिमांड लिया है।

ईडी ने इस साल 17 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत जयपुर और बांसवाड़ा जिलों में 8 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान 11.42 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति जब्त की थी। उस दौरान ईडी ने अहम साक्ष्य और दस्तावेज बरामद किए थे। पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी, पीएचईडी के अधिकारियों और निजी व्यक्तियों के आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई थी। सूत्रों के अनुसार पीयूष जैन को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ बाद उसे गिरफ्तार किया। पीयूष के पिता ठेकेदार पदम चंद जैन को पिछले साल 2.20 लाख रुपए के भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था।

सूत्रों के अनुसार ईडी को इस गिरफ्तारी से राजस्थान में जल जीवन मिशन घोटाले में शामिल धन के लेन-देन के बारे में और जानकारी मिलेगी। इससे पहले पिछले साल नवंबर में ईडी ने पीएचईडी के इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों के आवासीय और कार्यालय परिसरों सहित 23 स्थानों पर तलाशी ली थी।


**कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति, करौली**

क्रंमाक: लेखा/2024/168 दिनांक-27.02.2024

**खुली निविदा सूचना संख्या 3 वर्ष 2024-25**

ऑफिस आलमिरा क्रय हेतु इच्छुक फर्म/निर्माताओं से निविदाऐं आंमत्रित की जाती हैं, जो कार्यालय समय मे दिनांक 11.03.24 को सांय 03.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। तकनीकी व वित्तीय निविदाऐं अलग-अलग सीलबंध लिफाफे मे दिनांक 12.03.24 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी एवं प्राप्त निविदाऐं दिनांक 12.03.24 दोपहर बाद 2.00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष गठित क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में की जा सकती है। कार्य की अनुमानित लागत 09.00 लाख है।

सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति करौली

**पश्चिम मध्य रेल**

**कैशलेस आधार पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा**

**अभिव्यक्ति की अभिरुचि**

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कोटा** द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय कोटा, उप मंडल रेलवे चिकित्सालय गंगापुर सिटी और स्वास्थ्य केन्द्र सवाई माधोपुर, बून्दी, भरतपुर एवं तुगलगाबाद के रेल लाभार्थियों को CGHS दर पर कैशलेस आधार पर पैथोलॉजी जांच की सुविधा हेतु अभिव्यक्ति की अभिरुचि आमंत्रित किये जाते है।

कोटा, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, बून्दी, भरतपुर एवं तुगलगाबाद के इच्छुक डायग्नोस्टिक जांच केन्द्र अपना आवेदन कर सकते हैं। पूर्ण विवरण पश्चिम मध्य रेल की बेवसाईट **wcr.indianrailways.gov.in** पर एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मंडल रेल चिकित्सालय कोटा के कार्यालय में उपलब्ध है।

**जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 03.00 बजे तक।

**जमा करने का पताः** कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल रेल चिकित्सालय कोटा-324002.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय जिला परिषद ( पंचायत प्रकोष्ठ ) दौसा**

क्रमांक : जिपदौ/लेखा/निविदा/2023-24/11103 दिनांक : 29/02/2024

**ई-निविदा सूचना 11/2023-24**

जिला परिषद् दौसा के अधीन पंचायत समिति बसवा में स्वीकृत पंचायत भवन निर्माण कार्यो का पंचायतीराज अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायत समिति भवन का निर्माण कार्य करवाने हेतु अलग-अलग कार्यवार ई-निविदा (प्रोक्यूरमेन्ट) प्रक्रिया से खुली निविदाऐं जिला परिषद स्तर पर दिनांक 16.03.2024 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 18.03.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक अमानता राशि, आवेदन शुल्क, RISL शुल्क का डी.डी./बैंकर चैक एवं शपथ-पत्र आदि दस्तावेज कार्यालय में जमा करवाने है एवं दिनांक 18.03.2023 को दोपहर 3.00 बजे से उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी। विस्तृत जानकारी हेतु ऑन-लाईन वेब-साईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

UBN No. ZDA2324WSOB00190
NIB CODE ZDA2324A0176

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद दौसा


## एएनएम भर्ती की अंतिम चयन सूची पर अंतरिम रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अर्जेन्ट टेम्परेरी बेसिस के आधार पर हो रही एएनएम भर्ती-2023 में जयपुर जिले के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने को चुनौती देने के मामले में भर्ती की अंतिम चयन सूची व नियुक्ति आदेश जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने चिकित्सा सचिव, चिकित्सा निदेशक व सीएमएचओ जयपुर से 22 मार्च तक जवाब मांगा है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश अलवर निवासी संयोगिता यादव की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सोगत रॉय ने बताया कि राज्य सरकार ने 11 अगस्त 2023 को भर्ती विज्ञापन जारी कर यूटीबी के आधार पर एएनएम की नियुक्ति के लिए भर्ती निकाली। इसमें जयपुर जिले के अभ्यर्थियों को ही प्राथमिकता देने के लिए कहा। ऐसे में याचिकाकर्ता के जयपुर से बाहर अलवर जिले का निवासी होने के चलते उसे दस्तावेज सत्यापन के लिए नहीं बुलाया गया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि वह मेरिट में आ रही है, लेकिन जयपुर से बाहर का होने के कारण उसे नहीं बुलाया है। जबकि मेडिकल एंड हैल्थ अधीनस्थ सेवा नियम 1965 के तहत मेरिट के आधार पर ही नियुक्ति होनी चाहिए और इसे नकारा नहीं जा सकता। इसलिए याचिकाकर्ता के दस्तावेज सत्यापन का निर्देश देते हुए उसे नियुक्ति दी जाए। अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए अंतिम चयन सूची व नियुक्ति आदेश पर रोक लगा दी। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए अंतिम चयन सूची और नियुक्ति आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

## आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें : आरुषि मलिक

**जयपुर**, (का.सं.)। संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने कहा कि जयपुर संभाग में आमजन को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित हों इसके लिए चिकित्सा अधिकारी हर संभव प्रयास करें। इसके लिए चिकित्सा अधिकारी मेरा अस्पताल मेरा वार्ड अभियान के तहत क्षेत्र के भामाशाहों से समन्वय कर चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर जरूरी चिकित्सकीय उपकरण, इंतजाम एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यह बात उन्होंने शुक्रवार को संभागीय आयुक्तालय स्थित सभागार में चिकित्सा अधिकारियों की बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशन में समय पर मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठकों का आयोजन कर चिकित्सालयों के विकास कार्यों, कार्मिकों, दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जमीन आवंटन संबंधी मामलों को सक्षम स्तर से अनुमोदन लेकर जल्द से जल्द निस्तारण करें।

बैठक में संभागीय आयुक्त ने चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सकीय ढांचे को मजबूत करने के लिए सुझाव भी लिये। उन्होंने कहा कि सीएसआर एवं विधायक कोटे के धन का सदुपयोग कर भी अपने चिकित्सालय एवं केन्द्रों पर एंबुलेंस, उच्च स्तरीय जांच एवं चिकित्सकीय उपकरण से आमजन के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त प्रवीण कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जेडीए सीवेज लाइन को एसटीपी में जोड़ें : हाईकोर्ट

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के अंबाबाड़ी इलाके की सीवरेज लाइन का पानी द्रव्यवती नदी में मिलने और इससे जल व वायु प्रदूषण फैलने को चुनौती देने के मामले में जेडीए को निर्देश दिए हैं। अदालत ने जेडीए को कहा है कि वह क्षेत्र में सीवरेज लाइन को एसटीपी में जोड़े और नीरी की रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई करे। वहीं इस संबंध में याचिकाकर्ता की ओर से दिए गए शिकायती पत्र व प्रतिवेदनों पर भी तीन महीने में उचित कार्रवाई करे। जेडीए क्षेत्र में वायु व जल प्रदूषण रोकने के लिए कार्रवाई भी सुनिश्चित करे। वहीं यदि जेडीए मामले में उचित कार्रवाई नहीं करे तो याचिकाकर्ता मामले को दुबारा अदालत के समक्ष लाने के लिए स्वतंत्र है। सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश अंबाबाड़ी विकास समिति के सचिव आलोक गुप्ता की जनहित याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता गोपाल सिंह बारहठ ने बताया कि अंबाबाड़ी इलाके में डेजर्ट इन के पास जेडीए ने सीवरेज लाइनों को एसटीपी में नहीं जोड़ा है और इसके चलते स्थानीय कॉलोनियों के सीवरेज का गंदा पानी द्रव्यवती नदी में आकर मिल रहा है। वहीं नीरी ने अपनी रिपोर्ट में सीमेंट-कंक्रीट का पक्का चैनल बनाने के लिए कहा था, लेकिन यह जगह अभी भी कच्ची ही है और इसे अब तक पक्का नहीं किया गया है। ऐसे में जेडीए नीरी की रिपोर्ट के अनुसार काम नहीं कर रहा है।


**कार्यालय नगर पालिका लालसोट ( दौसा )**

**E: mail ID:lalsot.jaipur@yahoo.com, Ph.: 01431-260714**

क्रमांक:न.पा.ला/कृ.भू.रू./2024/6558 दिनांक 1.3.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जात है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करे याद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र /आपत्ति पर कोई विचार नही किय जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम | वर्गगज | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दीपक कुमार जागा पुत्र गेंदालाल जागा गंगापुर सिटी | 2547/1 श्रीराम वाटिका चक राजौली | 100 | आवासीय |
| 2 | छोटी देवी पत्नी फैली राम मीणा सूरजपुरा | उपरोक्त | 100 | आवासीय |
| 3 | बाबूलाल मीणा पुत्र शिवदयाल मीणा कोड़ीयाई | 2106,2107 वृंदावन विहार लालसोट | 133.33 | आवासीय |
| 4 | बाबूलाल मीणा पुत्र शिवदयाल मीणा कोड़ीयाई | 215 मीना कॉलोनी राजौली | 133.77 | आवासीय |
| 5 | अनीता शर्मा पत्नी शक्ति स्वरुप शर्मा लालसोट | 580 श्री राम कॅालोनी लालसोट | 411.84 | आवासीय |
| 6 | अनीता शर्मा पत्नी शक्ति स्वरुप शर्मा लालसोट | उपरोक्त | 165 | आवासीय |
| 7 | अनीता शर्मा पत्नी शक्ति स्वरुप शर्मा लालसोट | उपरोक्त | 223.88 | आवासीय |
| 8 | कालूराम मीणा पुत्र कल्याण मीणा सिरसाली | 590/231 ग्रीन सिटी श्योनन्दा की झोपड़िया | 168.15 | आवासीय |
| 9 | रामप्यारी देवी पत्नी बनवारी लाल मीणा नागरियावास | 2121,2125,2131, 2132,2157,2158 लक्ष्मी नारायण द्वितीय लालसोट | 326.42 | आवासीय |
| 10 | गिर्राज प्रसाद पुत्र हीरालाल सैनी लालसोट | 1215 गंगापुर रोड लालसोट | 80.75 | आवासीय |
| 11 | गिरिराज प्रसाद पुत्र हीरालाल सैनी लालसोट | उपरोक्त | 212.75 | आवासीय |
| 12 | चिरंजीलाल पुत्र रामकुमार महावर श्यामपुरा कला | 30/18,31/18 सांवरिया सिटी सीतारामपुरा चक नंबर 3 | 74.86 | आवासीय |
| 13 | विमला देवी पत्नी कैलाश चंद त्रिवेदी लालसोट | 1362 प्रहलाद नगर लालसोट | 310.21 | आवासीय |
| 14 | ममता शर्मा पत्नी दिनेश कुमार शर्मा सुंदरपुर | 1372/1 प्रहलाद नगर लालसोट | 156.17 | आवासीय |
| 15 | हीरालाल बैरवा पुत्र लाखा बैरवा देवली | 556/117 प्रताप नगर लालसोट | 127 | आवासीय |
| 16 | हरकेश, पंकज कुमार मीणा पुत्र श्योजी राम मीणा दौलतपुरा | 4144/210,4145/210, 4148/215,4158/220, 4161/221,4162/221 पटेल नगर लालसोट | 222.22 | आवासीय |
| 17 | नीरज कुमार पत्नी पृथ्वीराज चौहान बामनवास | 345/36 सुरक्षित नगर चांदसेन | 200 | आवासीय |
| 18 | मंजू शर्मा पत्नी पवन कुमार शर्मा लालसोट | 4344/1338 महावीर नगर लालसोट | 141.19 | आवासीय |
| 19 | रीटा जैन पत्नी कमलेश कुमार जैन लालसोट | 8/1 रतना नगर सलग-रामपुरा चक नंबर 3 | 138.75 | आवासीय |
| 20 | सीमा शर्मा पत्नी जटाशंकर शर्मा, अनुराधा पत्नी महेश कुमार शर्मा लालसोट | उपरोक्त | 138.99 | आवासीय |
| 21 | मनोहर देवी पत्नी स्व लखन लाल, रेखा जैन पत्नी राजेश कुमार जैन लालसोट | उपरोक्त | 138.99 | आवासीय |
| 22 | रुकमणी बैरवा पत्नी राजेश बैरवा रघुनाथपुरा | 344/36 सुरक्षित नगर चांदसेन | 75 | आवासीय |
| 23 | संतरा देवी पत्नी रामचरण बैरवा रघुनाथपुरा | उपरोक्त | 75 | आवासीय |
| 24 | रामजीलाल पुत्र राम सहाय महावर लालसोट | 1416 पुरोहित कॉलोनी लालसोट | 138.91 | आवासीय |
| 25 | किशन लाल पुत्र लालु बैरवा देवली | 556/117 प्रताप नगर थलोज | 130.26 | आवासीय |
| 26 | अर्चना पत्नी मोहन उपाध्याय लालसोट | 21/8 माधव नगर सीतारामपुरा चक नंबर 3 | 43.33 | आवासीय |
| 27 | छोटी देवी पत्नी रतनलाल माली कोलीवाडा | उपरोक्त | 43.33 | आवासीय |
| 28 | संदेश कुमार पुत्र प्रहलाद गुप्ता बिलोना कलां | उपरोक्त | 146.66 | आवासीय |
| 29 | संदेश कुमार पुत्र प्रहलाद गुप्ता बिलोना कलां | उपरोक्त | 146.66 | आवासीय |
| 30 | रमेश चंद्र पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा गोविंदपुरा | 9/4 मोडल्या कॉलोनी सालगरामपुरा चक नंबर 6 | 200 | आवासीय |

उक्त आपत्ति आज दिनांक 1.3.2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

( पिंकी चतुर्वेदी )
अध्यक्ष
नगर पालिका लालसोट

( नमन शर्मा )
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका लालसोट



खेल में लाखों लोगों के दिल और दिमाग पर काबिज़ होने की अपार शक्ति होती है। लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी युवा और शानदार टीम के साथ जुड़कर हम लाखों क्रिकेट प्रेमियों तक पहुंच सकते हैं। - रवीन्द्र शर्मा

एसबीआई लाइफ के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, लखनऊ सुपर जांयट्स के बारे में बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी

## पैट कमिंस



अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस की भी एंट्री हो गई है। टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर पर कम से कम 100 विकेट लेने वाले कमिंस 10वें खिलाड़ी बन गए हैं। पैट कमिंस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन यह कारनामा किया। पैट कमिंस ने 10 ओवर में 33 रन देकर एक विकेट लिया और इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 100 विकेट का आंकडा भी छू लिया। डेरेल मिचेल ने जैसे ही कमिंस की गेंद पर एलेक्स कैरी को कैच थमाया, वैसे ही कमिंस की इस खास क्लब में एंट्री हो गई।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीटवुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 37 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

# जेम्स एंडरसन 700 टेस्ट विकेट हासिल करने से सिर्फ दो कदम दूर

## ऐसा करने वाले बनेंगे दुनिया के पहले तेज गेंदबाज




नई दिल्ली, 1 मार्च। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। जेम्स एंडरसन टेस्ट फॉर्मेट में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने 186 टेस्ट मैच में 698 विकेट ले चुके हैं और 700 विकेट का आंकड़ा पूरा करने के लिए उन्हें सिर्फ दो विकेट की दरकरार है। जेम्स एंडरसन भारत के खिलाफ पांचवें मैच में ये कारनामा कर सकते हैं, क्योंकि आखिरी मैच धर्मशाला में खेला जाएगा और जेम्स एंडरसन को वहां का विकेट काफी मदद करेगा।

इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन 186 टेस्ट में 698 विकेट ले चुके हैं। आखिरी टेस्ट में वह दो विकेट लेने में कामयाब होते हैं तो वह 700 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। 399 मैचों में उन्होंने 985 विकेट लिए हैं। 1000 इंटरनेशनल विकेट हासिल करने के लिए उन्हें 15 विकेट और चाहिए। इंग्लैंड के स्टार तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन और शेन वॉर्न ये कारनामा कर चुके हैं। हालांकि ये दोनों स्पिनर हैं। शेन वॉर्न के नाम 708 विकेट है, जबकि मुरलीधरन ने 800 विकेट लिए हैं। घरेलू क्रिकेट को भाव नहीं देने वालों पर बरसे दिग्गज कपिल देव, बीसीसीआई के फैसले पर कहा- कुछ लोगों को तकलीफ होगी।

भारत के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में तेज गेंदबाजजेम्स एंडरसन ने पहला मैच नहीं खेला। उन्होंने इसके बाद तीनों मैच खेले हैं। दूसरे मैच में उन्होंने 5 विकेट लिए। तीसरे मैच में वह सिर्फ एक विकेट ले सके। रांची में खेले गए चौथे मैच में जेम्स एंडरसन ने दो विकेट लिए। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला गुरुवार से धर्मशाला में खेला जाएगा।

## कुलदीप धर्मशाला में कोच के साथ मस्ती के मूड में दिखे

नई दिल्ली, 1 मार्च। भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच से पहले सोशल मीडिया पर काफी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की है। भारत और



इंग्लैंड के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच गुरुवार से धर्मशाला में खेला जाएगा। कुलदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी योगदान दिया। कुलदीप यादव जारी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज हैं। कुलदीप ने तीन मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। इंग्लैंड के टॉम हर्टले ने 4 मैच में 20 विकेट लिए हैं। बुमराह 17 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। कुलदीप यादव ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह धर्मशाला में थोड़ी मौज मस्ती कर रहे हैं। इस दौरान वह भारतीय टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई के साथ नजर आए। रांची टेस्ट के दौरान कुलदीप ने पहली पारी के दौरान ध्रुव जुरेल के साथ 76 रन की साझेदारी की, जिसकी बदौलत भारत ने मैच में वापसी की और फिर गेंद से उन्होंने कमाल कर दिखाया। कुलदीप ने 131 गेंद में 28 रन बनाए। कुलदीप ने दूसरी पारी में जैक क्राउली, बेन स्टोक्स, टॉम हार्टले और ओली रॉबिन्शन को आउट किया। आर अश्विन ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर पांच विकेट हॉल पूरा किया, जिससे कुलदीप 5 विकेट नहीं ले सके। हालांकि उनको पूरा मौका मिला था। रांची में जीत के साथ भारत ने बेन स्टोक्स के नेतृत्व वाली टीम को बतौर कोच ब्रेंडन मैक्कल के दौर में पहली हार दी है। इसके साथ ही 2012 के बाद से भारतीय टीम का घर में टेस्ट सीरीज जीतने का सिलसिला जारी है।

## श्रेयस अय्यर को नहीं किसी सलाह या बढ़ावे की जरूरत

नई दिल्ली, 1 मार्च। रणजी ट्रॉफी 2023-24 अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गई है। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 2 मार्च से खेले जाने हैं, जबकि फाइनल मुकाबला 10 मार्च से खेला जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुंबई का सामना तमिलनाडु से होना है और इस मैच में श्रेयस अय्यर भी खेलते हुए नजर आएंगे। हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को लेकर जो कड़े फैसले लिए, उसके बाद से अय्यर काफी चर्चा में रहे हैं। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन दोनों को ही बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। श्रेयस अय्यर क्वार्टर फाइनल मैच में मुंबई के लिए नहीं खेले थे और ऐसा कहा गया था कि वह पूरी तरह से फिट नहीं थे। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एनसीए से फिटनेस रिपोर्ट मिलने के बावजूद वह क्वार्टर फाइनल मैच नहीं खेले थे और इसका खामियाजा उन्हें कॉन्ट्रैक्ट गंवाकर उठाना पड़ा है। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के लिए अभी तक रणजी ट्रॉफी का यह सीजन बिल्कुल अच्छा नहीं रहा है और अब उनके लिए भी टीम इंडिया की वापसी के सारे रास्ते बंद होते नजर आ रहे हैं। अय्यर की मुंबई टीम में वापसी से रहाणे काफी उत्साहित हैं।

## घरेलू क्रिकेट ना खेलने वालों को कपिल देव ने लिया आड़े हाथ, कहा- देश से बढ़कर कोई नहीं

नई दिल्ली, 1 मार्च। भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने के कारण केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है। कपिल ने साथ ही कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी ट्राफी को बचाये रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था।



इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है। कपिल ने किसी का नाम लेने से बचते हुए कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा, "हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। देश को 1983 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान ने अपने बयान में कहा, "मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे।" बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा, "यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा।"

## इमरान, कपिल देव, वसीम अकरम और बिशन सिंह बेद जैसे दिग्गजों के क्लब में पैट कमिंस की एंट्री

नई दिल्ली, 1 मार्च।टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में महज 10 ऐसे खिलाड़ी हैं, टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 100 या इससे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट छोटी है और इस खास लिस्ट में अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस की भी एंट्री हो गई है। टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर पर कम से कम 100 विकेट लेने वाले कमिंस 10वें खिलाड़ी बन गए हैं। पैट कमिंस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन यह कारनामा किया। पैट कमिंस ने 10 ओवर में 33 रन देकर एक विकेट लिया और इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 100 विकेट का आंकड़ा भी छू लिया। डेरेल मिचेल ने जैसे ही कमिंस की गेंद पर एलेक्स कैरी को कैच थमाया, वैसे ही कमिंस की इस खास क्लब में एंट्री हो गई।

## क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए कब होगा टीम इंडिया स्क्वॉड का ऐलान

नई दिल्ली, 1 मार्च। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज 2 जून से होना है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 फुल शेड्यूल जारी हो चुका है और अब फैन्स को इंतजार है कि हिस्सा लेने वाले देश अपनी-अपनी स्क्वॉड का ऐलान करें। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए स्क्वॉड का ऐलान करने की आखिरी तारीख 1 मई हो सकती है। आईसीसी की तरफ से इसको लेकर फिलहाल आधिकारिक बयान अभी तक नहीं आया है। स्पोर्ट्स तक की खबर के मुताबिक 1 मई तक स्क्वॉड का ऐलान हो जाएगा। इतना ही नहीं हर टीम के पास प्रैक्टिस गेम खेलने का विकल्प होगा, टीम अपने पहुंचने के हिसाब से प्रैक्टिस गेम खेलने का विकल्प ले सकती हैं। स्पोर्ट्स तक के मुताबिक आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हिस्सा लेने वाली टीमों को 1 मई तक 15 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान करना होगा। इसके अलावा 15 सदस्यीय स्क्वॉड में 25 मई तक बदलाव किया जा सकेगा, लेकिन इसके बाद अगर कोई बदलाव करना होगा, तो इसके लिए आईसीसी टेक्निकल कमिटी का अप्रूवल लेना होगा। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 की प्राइज मनी का ऐलान भी जल्द किया जाएगा। 2 जून को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का ओपनिंग मैच अमेरिका और कनाडा के बीच खेला जाना है। यह पहला मौका होगा, जब टी20 वर्ल्ड कप का आगाज दो असोसिएट देशों के बीच मैच के साथ होगा।

## जोश हेजलवुड की बेजोड़ जोड़ी, टेस्ट क्रिकेट में बना डाला नया वर्ल्ड रिकार्ड

नई दिल्ली, 1 मार्च। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरोन ग्रीन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में नॉटआउट 174 रनों का योगदान दिया। ग्रीन ने 275 गेंदों पर 23 चौके और पांच छक्कों की मदद से ये रन बनाए। डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद ग्रीन को नंबर-4 की बैटिंग पोजिशन पर आजमाया गया है और उन्होंने साबित कर दिया कि वह इस बैटिंग पोजिशन के सही हकदार भी हैं। सीरीज का पहला मैच वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 267 रनों तक 9 विकेट गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि पहली पारी में ज्यादा से ज्यादा 280 रन ही बन पाएंगे, लेकिन कैमरोन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने मिलकर 10वें विकेट के लिए 116 रनों की साझेदारी निभाकर न्यूजीलैंड को पूरी तरह से बैकफुट पर ढकेल दिया। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में न्यूजीलैंड के खिलाफ 10वें विकेट के लिए हुई यह अभी तक की सबसे बड़ी साझेदारी भी है। इस तरह से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का वर्ल्ड रिकॉर्ड अब कैमरोन ग्रीन और जोश हेजलवुड की जोड़ी के नाम दर्ज हो गया है। ओवरऑल बात करें तो 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का वर्ल्ड रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन और जो रूट के नाम दर्ज है। इन दोनों ने नॉटिंघम में 2014 में भारत के खिलाफ खेले गए मैच में 198 रनों की साझेदारी निभाई थी। वहीं दूसरे नंबर पर एश्टन एगर और फिलिप ह्यूज की जोड़ी है।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**

राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग-भरतपुर 321001 (राज.)
eemhbharatpur@gmail.com ee-mh-bharatpur@gov.in, Mob. 9602097030

क्रमांक-M&H/2023-24/185 दिनांक : 20/02/2024

**निविदा सूचना संख्याः 15/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/धौलपुर/करौली में रू. 229.85 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

| UBN No. |
|---|
| Internal Electrification work in District Drug Ware House Bharatpur NIB code MHS2324A3308 andUBN is: MHS2324WSO B05073 |
| Internal Electrification work in District Vaccine Store Bharatpur UBN is MHS2324WSO B05074 |
| Internal Electrification work in Blood Bank SDH Hindaun District Karauli UBN is MHS2324WSOB05075 |
| Internal Electrification work in PHC Baroli Chhar Bharatpur UBN is MHS2324WSOB05076 |
| Internal Electrification work in DEIC at DH Dholpur UBN is: MHS2324WSOB05077 |
| Construction work of SHC Rebai Jatav Basti (Block Hindaun) Distt. Karauli UBN is MHS2324WSOB05078 |
| Construction work of SHC Gunsar (Block Shree Mahaveer Jee) Distt. Karauli UBN is MHS2324WSOB05079 |
| Construction work of SHC Chorghan (Mandrayal) Distt. Karauli UBN is MHS2324WSOB05080 |
| Construction work of SHC Kanarda (Mandrayal) Distt. Karauli UBN is MHN2324WSOB05081 |

DIPR/C/1589/2024

(एल.के. अग्रवाल) अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर


# आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर रचा इतिहास

## आठवें मैच में दर्ज की ऐतिहासिक जीत

नई दिल्ली, 1 मार्च। आयरलैंड ने शुक्रवार को अफगानिस्तान को हराकर इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया। आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें मार्क अडायर और कप्तान एंड्रू बालबर्नी ने अहम भूमिका निभाई। आयरलैंड को जीत के लिए 111 रन मिले थे, इसके जवाब में टीम ने 13 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे, हालांकि बालबर्नी के नाबाद 58 और टकर के 27 रनों की बदौलत टीम ने दमदार जीत हासिल की। अफगानिस्तान ने एकमात्र टेस्ट मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 54.5 ओवर में 155 रन ही बना सकी। इब्राहिम जादरान ने 83 गेंद में 53 रन बनाए। कप्तान शाहिदी ने 44 गेंद में 20 रन बनाए।

करीम जनत ने 41 रन का योगदान दिया। आयरलैंड की ओर से पहली पारी में मार्क अडायर ने पांच विकेट हॉल लिया। मार्क पांच विकेट लेने वाले तीसरे आयरिश क्रिकेटर बन गए हैं। आयरलैंड ने पहली पारी में 83.4 ओवर में 263 रन बनाए। कैपर ने 49, हैरी ने 32, स्टर्लिंग ने 52, टकर ने 46 और एंडी ने 38 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान के लिए रेहमान ने 5 विकेट हॉल लिए। अफगानिस्तान की टीम ने दूसरी पारी में 218 रन बनाए। कप्तान शाहिदी ने 55 और गुरबाज ने 46 रन का योगदान दिया। कुलदीप यादव धर्मशाला में कोच के साथ मस्ती के मूड में दिखे, खूबसूरत पहाड़ों को निहारते नजर आए अफगानिस्तान ने आयरलैंड को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 13 के स्कोर पर ही तीन विकेट गंवा दिए।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PHED DIVISION FALNA**

E-mail : eephedfalna@yahoo.com, Ph.: 02938-233684

**NOTICE INVITING SHORT TERMS TENDER**

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works from contractors enlisted suitable Class with the PHED Rajasthan and meeting eligibility criteria, Contractors enlisted with other Departments Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal, Telecom, Railways, MES, other State Govt. / Central Govt. undertaking/organizations equivalent to "D" Class and Above of Rajasthan meeting eligibility criteria may apply after giving prescribed Earnest Money. The tender documents can be downloaded from the web site http://eproc.rajasthan.gov.in. Detail: of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site.

| NIT No. | Name of works | SPPP UBN No. | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Earnest Money (2%) | Tender Fee (Rs.) | Time Period | Availability of tender documents on website | Last date & time of online submission of tender | Date & time of opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 173 / 23-24 | Repairing of Centrifugal Pump Sets Under Various WSS of Division Falna (Annual Rate Contract) | PHE2324 WSOB 13337 | 7.50 | 15000.00 | 1000.00 | One Year | 21.02.24 (1.00 PM) | 04.03.24 (2.00 PM) | 04.03.24 (03.30 PM) |
| 174/ 23-24 | Repairing of Subme-rsible Pump Sets Under Various WSS of Division FALNA (Annual Rate Contract) | PHE2324 WSOB 13338 | 7.50 | 15000.00 | 1000.00 | One Year | 21.02.24 (1.00 PM) | 04.03.24 (2.00 PM) | 04.03.24 (03.30 PM) |
| 175/ 23-24 | Providing and fixing steel gating work under division Falna (Annual Rate Contract) | PHE2324 WSOB 13339 | 25.00 | 50000.00 | 2000.00 | One Year | 21.02.24 (1.00 PM) | 04.03.24 (2.00 PM) | 04.03.24 (03.30 PM) |
| 176/ 23-24 | Regular maintenance Work of filter plant Uwss Falna Under Sub Dn Falna | PHE2324 WSOB 13340 | 12.16 | 24320.00 | 1000.00 | One Year | 21.02.24 (1.00 PM) | 04.03.24 (2.00 PM) | 04.03.24 (03.30 PM) |

**Terms & Conditions** :

1. The bidders will have to procure digital certificate as per IT Act 2000 to sign their electronic bids. Detailed NIT can be seen and download from website http://eproc.rajasthan.gov.in.
2. The tender fees & earnest money shall be deposited in the form of DD payable at Executive Engineer, PHED Dn. Falna.
3. The cost of tender document as mentioned above is to be paid in Cash/DD/E-Grass Challan in the name of "Executive Engineer, PHED Dn. Falna" payable at Falna in the manner prescribed in tender document. An additional fees amounting to Rs. 500/- for below Tender cost Rs. 50.00 Lacs, Rs. 1500.00 for above Tender Cost 50.00 Lacs. and upto Rs.One Crore, Rs. 2000.00 for more than One Crore and upto Rs. Five Crore & Rs. 2500.00 for more than Five Crore, will also be deposited in DD/Banker Cheque in favour of "Managing Director, RISL" payable at Jaipur. Both of these fees are to be deposited in physical form up to on **Tender submit Dated 04.03.2024 (up to 03.00 PM)** in the office of the Executive Engineer, PHED Dn. Falna without which the online tender of the Tenderer shall not be opened

(M.S. RATHORE)
EXECUTIVE ENGINEER,
PHED DIVISION FALNA

DIPR/C/1747/2024



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड द्वितीय, जयपुर**

क्रमांकः 1938 दिनांक : 22/2/2024

**नीलामी सूचना सं. 01/2023-2024**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस खण्ड के अधीन नकारा/अनुपयोगी सामान की नीलामी, जिसका विवरण नीचे है जहां है, जैसा है, के आधार पर नीलामी सामान के सम्मुख अंकित दिनांक व स्थान पर की जानी है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि को नकारा एवं अनुपयोगी विद्युत सामान के लिए प्रातः 11:00 बजे निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर क्रमशः बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते निम्नानुसार होगीः-

| क्र. सं. | निलामी योग्य सामान का विवरण | नीलामी राशि या संचित मूल्य | धरोहर राशि | नीलामी की दिनांक | नीलामी स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयुपर के अधीन विद्युत उपखण्ड-राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर के विद्युत के नकारा एवं अनुपयोगी विद्युत सामान | 2,27,97,494 | 50000 | 3.4.24 | राजस्थान न्यायालय परिसर जयपुर |

**नीलामी की शर्तेः-**

1. बोलीदाता को नियमानुसार धरोहर राशि जमा करा कर बोली में भाग लेना होगा।
2. बोलीदाता को बोली में भाग लेने से पूर्व धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/ नकद द्वारा अधिशाषी अभियन्ता, सा. नि. वि. विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर के पक्ष में देय हो जमा कराना होगा।
3. नकारा व अनुपयोगी सामान का निरीक्षण दर्शाई गई लोकेशन पर किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।
4. सबसे अधिक राशि वाले बोलीदाता की स्वीकृति सक्षम कमेटी द्वारा की जावेगी, जो मान्य होगी।
5. नीलामी स्वीकृत होने के पश्चात् सात दिवस में सम्पूर्ण राशि विभाग में जमा करानी होगी, अन्यथा जमानत जब्त कर ली जावेगी।
6. स्वीकृत नीलामी की सम्पूर्ण राशि पर जी.एस.टी./आयकर नियमानुसार पृथक से चालान से जमा करवाकर सात दिवस में चालान की प्रति खण्ड कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी।
7. पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात् सात दिवस की अवधि में समस्त माल उठाना अनिवार्य होगा, अन्यथा नियमानुसार प्रतिदिन हर्जाना देय होगा।
8. नीलामी खुलने वाली पार्टी राजस्थान राज्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अन्तर्गत बाध्य होगी।
9. नीलामी योग्य सामान जहां है, जैसा है के आधार पर की जावेगी तथा सुपूर्दगी उपलब्ध स्थल पर ही की जावेगी।
10. उच्चतम बोलीदाता को उसकी उच्चतम बोली की 25 प्रतिशत राशि नीलामी स्थल पर जमा करानी होगी।

(संजय कुमार)
अधिशाषी अभियन्ता
सा. नि. विभाग,
विद्युत खण्ड द्वितीय, जयपुर

UBN NO. PWD2324GLOB20046
DIPR/C/1569/2024



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड गंगापुर सिटी**

क्रमांकःअ.अ./गंगा/पीएच/नि.सू./23-24/3021-29 दिनांक:23/02/24

**ई-निविदा सूचना**

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से पी डब्ल्यू एफ एण्ड ए.आर. पार्ट अपेन्डिक्स 16 दिनांक 1.7. 1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत (जिन ठेकेदारों का पंजीयन 2 वर्ष से पुराना हो उन्हे पंजीयन का नवीनतम नवीनीकरण दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा) संवेदकों से जो निविदा प्रपत्रों में वांछित योग्यता रखते हों से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिग प्रकिया के द्वारा ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से निर्धारित दिनांक 06.03.2024 को सांय 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑन लाईन निविदाऐं इसी वेबसाईट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा दिनांक 06.03.2024 को 06:00 पी.एम. तक जमा कराये जा सकेगी। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 07.03.2024 को 02:00 पी.एम. पर खोली जावेगी।

निविदा शुल्क/धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जारी ऑनलाईन चालान द्वारा जो कि अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड गंगापुर सिटी के नाम देय एवं प्रक्रिया शुल्क जो MDRISL Jaipur के नाम देय व निविदा से सम्बन्धित ऑफलाईन दस्तावेज इस कार्यालय में दिनांक 07.03.2024 को 11:00 ए.एम. तक जमा करवाया जाना आवश्यक है।

| निविदा सूचना सख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2% | धरोहर राशि ½% | निविदा प्रपत्र उपलब्धता ए व डाउनलोड करने की अन्तिम दिनांक | तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81/ 23-24 | Conversion from HP to Piped WSS RWSS Kheda Barh Ramgarh Teh Gangapur City on Risk & Cost | 75.24 | 150480/- | 37620/- | 06.03.24 | 07.03.24 | 09 माह | 2000/- | 1500/- |
| 82/ 23-24 | Conversion from HP to Piped WSS RWSS Kari Gaonri Teh. Gangapur City on Risk & Cost | 84.74 | 169480/- | 42370/- | 06.03.24 | 07.03.24 | 09 माह | 2000/- | 1500/- |


**Rules & Contition:-**

1. Tenders are procured and submitted only in electronic format on website http://eproc.rajasthan.gov.in.
2. Bidders who to participate in bidding will have to procure digital certificate as per IT Act to sign their electronic bids. Offers which are not digitally signed will not be accepted Bidder shall submit their offer Id electronic format on above mentioned website after digitally signing the same.
3. No refund of tender Fees processing fees is claimable for tenders not accepted or forms not submitted.
4. Before electronically sub mitting the tenders, it should be ensured that all the tender papers including conditions of contract are digitally signed by the tenders.
5. निविदा की अन्य शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में एवं विभागीय वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकेगी। कार्य की प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति के अनुसार निविदा राशि में कमी भी की जा सकती है।

NIB Code PHE2324A5724
UBN Code.-NIT No. 81/23-24-PHE2324WSOB13628, 82/23-24-PHE2324WSOB13629

(रामकेश मीना) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड गंगापुर सिटी

DIPR/C/1692/2024




मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर की झीलों और जलाशयों को वर्ष पर्यंत पानी से भरा रखने के उद्देश्य से लाई गई परियोजना ''देवास थर्ड-फोर्थ'' का शुक्रवार को शिलान्यास किया। इस परियोजना के लिए सरकार ने 1690 करोड़ रू. का बजट आवंटित किया है। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सी.पी. जोशी एवं असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी मौजूद थे।

# मु.मंत्री भजन लाल ने देवास प्रोजैक्ट के तीसरे व चौथे चरण का शिलान्यास किया

## मुख्यमंत्री ने कहा, 1690 करोड़ रू. की लागत वाली यह योजना पूरी होने के बाद उदयपुर की झीलें हमेशा भरी रहेंगी

- मुख्यमंत्री ने गोगुंदा में हुए समारोह में कहा कि, इस परियोजना से उदयपुर में कभी पानी का संकट नहीं आएगा और पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।
- कार्यक्रम में असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

उदयपुर/मावली, 1 मार्च (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने उदयपुर की झीलों को हमेशा लबालब रखने और पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने वाली 1690 करोड़ की देवास थर्ड-फोर्थ परियोजना का शिलान्यास किया। शुक्रवार को गोगुंदा में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, इस परियोजना के मूर्त रूप लेने के बाद उदयपुर में पानी की कोई कमी नहीं आएगी। राजस्थान आने वाला हर तीसरा व्यक्ति उदयपुर आता है।

प्रधानमंत्री भी चाहते हैं कि, भारत दुनिया का ''वैडिंग डेस्टिनेशन'' बने और उदयपुर वैडिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर भी रहा है। महाराणा प्रताप को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि, महाराणा प्रताप से संबंधित सभी स्थानों को सर्किट के तहत पर्यटन स्थल बनाने का काम हमारी सरकार करेगी।

मुख्यमंत्री ने देवास थर्ड-फोर्थ परियोजना के डूब क्षेत्र में आ रही जमीन के काश्तकारों से कहा कि, जिन लोगों की जमीन इस परियोजना के डूब क्षेत्र में आएगी, हम उन किसानों को नुकसान नहीं होने देंगे। उनको पूरा हक हम देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि, बांसवाड़ा जिले में स्थित माहीबांध में आईलैंड्स हैं, उसे भी पर्यटकों के लिए विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री ने गोगुंदा में आई.टी.आई. कॉलेज का लोकार्पण भी किया।

समारोह से पूर्व मुख्यमंत्री ने गोगुंदा में महाराणा प्रताप की राजतिलक स्थली के दर्शन किए और मंशापूर्ण नीलकंठ महादेव मंदिर में विधिवत् पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण भी किया।

असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने उदयपुर की झीलों के लिए देवास परियोजना का महत्व बताते हुए कहा कि, इस परियोजना से उदयपुर की झीलें ही लबालब नहीं होंगी, बल्कि उदयपुर जिले के कई जलाशयों को हम हमेशा भरा रख सकेंगे और लोगों को पीने का भरपूर पानी भी मिल सकेगा।

जल संसाधन विभाग के मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि देवास तृतीय एवं चतुर्थ परियोजना की अनुमानित लागत 1690.55 करोड़ है एवं 44 माह की समयावधि में इसे पूर्ण करने का लक्ष्य है। इससे 1000 एम.सी.एफ.टी. वार्षिक जल अपतर्वन उदयपुर शहर की झीलों में किया जाएगा। परियोजना की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जारी हो चुकी है।

समारोह में जल संसाधन विभाग के मंत्री सुरेश सिंह रावत के साथ-साथ जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, सलूम्बर विधायक अमृत मीणा, गोगुंदा विधायक प्रताप लाल भील, कुम्भलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मावली में डी.एम.एफ.टी. मद से 442 लाख की लागत से नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण किया।

# सरकार ने 1.25 लाख करोड़ रु. के निवेश से तीन और सेमीकण्डर यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी

## केन्द्र सरकार ने घोषणा की कि, अगले 100 दिनों के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण शुरू हो जाएगा

- इनमें से एक यूनिट टाटा ग्रुप तैयार करेगा। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (टी.ई.पी.एल.) ताइवान के पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पी.एस.एम.सी.) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस फैब का निर्माण गुजरात के धोलेरा में किया जाएगा।

नई दिल्ली, 29 फरवरी (वार्ता) सेमीकंडक्टर के उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाते हुये केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को 125600 करोड़ रुपये के निवेश और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर करीब 80 हजार रोजगार के अवसर सृजित करने वाली तीन और सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आज यहां हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल ने भारत में सेमीकंडक्टरों और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के तहत तीन सेमीकंडक्टर इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी। अगले 100 दिनों के भीतर तीनों इकाइयों का निर्माण शुरू हो जाएगा।

भारत में सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए कार्यक्रम दिसंबर 2021 में कुल 76 हजार करोड़ रुपये के व्यय के साथ अधिसूचित किया गया था। जून, 2023 में मंत्रिमंडल ने गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए माइक्रोन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इस इकाई का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है और इकाई के पास एक मजबूत अर्धचालक पारिस्थितिकी तंत्र बन उभर रहा है।

इसको लेकर जारी बयान में कहा गया है कि, आज की घोषणा के साथ उन्नत पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों को भारत में स्वदेशी रूप से विकसित किया जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी नौकरियों का प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेंगी। ये इकाइयां डाउनस्ट्रीम ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, दूरसंचार विनिर्माण, औद्योगिक विनिर्माण और अन्य सेमीकंडक्टर उपभोक्ता उद्योगों में रोजगार सृजन में तेजी लाएंगी।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (टीईपीएल) ताइवान के पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस फैब का निर्माण गुजरात के धोलेरा में किया जाएगा। इस फैब में 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। पीएसएमसी मेमोरी फाउंड्री सेगमेंट में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है। पीएसएमसी की ताइवान में छह सेमीकंडक्टर फाउंड्री हैं। इसकी क्षमता प्रति माह 50,000 वेफर स्टार्ट (डब्ल्यूएसपीएम) होगी। इसमें 28 एनएम तकनीक के साथ उच्च प्रदर्शन कंप्यूट चिप बनेगा जो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), दूरसंचार, रक्षा, ऑटोमोटिव, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, डिस्प्ले, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स आदि के लिए पावर प्रबंधन चिप्स के तौर पर उपयोग किया जा सकेगा।

टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएटी) असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के निवेश से एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगी। टीएसएटी सेमीकंडक्टर फ्लिप चिप और आईएसआईपी (पैकेज में एकीकृत प्रणाली) प्रौद्योगिकियों सहित स्वदेशी उन्नत सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों का विकास कर रहा है। इसकी क्षमता 4.8 करोड़ दैनिक होगी। यह चिप ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, मोबाइल फोन आदि में उपयोग होगें।

सीजी पावर, रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन, जापान और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, थाईलैंड के साथ साझेदारी में गुजरात के साणंद में 7600 करोड़ रुपये के निवेश से एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगा। रेनेसा एक अग्रणी सेमीकंडक्टर कंपनी है जो विशेष चिप पर केंद्रित है। यह 12 सेमीकंडक्टर सुविधाएं संचालित करता है और एनालॉग, माइक्रोकंट्रोलर, पावर और सिस्टम ऑन चिप (एसओसी) उत्पादों में एक महत्वपूर्ण कंपनी है। सीजी पावर सेमीकंडक्टर यूनिट उपभोक्ता, औद्योगिक, ऑटोमोटिव और बिजली अनुप्रयोगों के लिए चिप का निर्माण करेगी जिसकी क्षमता 1.5 करोड़ दैनिक होगी।

बहुत ही कम समय में भारत सेमीकंडक्टर मिशन ने चार बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। इन इकाइयों से भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम स्थापित हो जायेगा। चिप डिजाइन में भारत के पास पहले से ही क्षमताएं हैं। इन इकाइयों के साथ, भारत चिप निर्माण में क्षमता विकसित करेगा।

### अशोक गहलोत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गहलोत ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें उन्होंने कहा कि, जो लोग भी पार्टी छोड़ना चाहते हैं, वो खुशी से जाएं। यह बात मालवीय के संदर्भ में कही गई है, जो उनके बेहद निकट थे और जिन्हें गहलोत ने सी.डब्ल्यु.सी. सदस्य बनवाया था और विधानसभा में विपक्ष का नेता भी बनाना चाहते थे। यही बात राहुल और प्रियंका भी कहते थे और ऐसी बातें करके उन्होंने पार्टी का माहौल बिगाड़ दिया था व कई नेताओं को नाराज़ कर दिया था।

### राहुल की यात्रा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यात्रा को 5 दिन का ब्रेक दिया गया। शनिवार दोपहर को राजाखेड़ा बाईपास से राहुल गांधी रोड शो शुरू करेंगे। करीब ढाई किलोमीटर पैदल मार्च के बाद यात्रा मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में प्रवेश कर जाएगी। यात्रा छः मार्च तक मध्य प्रदेश में रहेगी जिसके बाद 7 मार्च को राजस्थान के बांसवाड़ा में जनसभा का आयोजन होगा। बांसवाड़ा से यात्रा गुजरात में प्रवेश करेगी। जहां से 10 मार्च को यात्रा महाराष्ट्र में पहुंचेगी। 10 मार्च के बाद, अपने अंतिम चरण में यात्रा तीन से चार दिन तक महाराष्ट्र में रुकेगी। धौलपुर में होने वाले रोड शो को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं।

### 'जमानत के लिए हाई कोर्ट जाओ'...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में हाई कोर्ट को इस मामले की सुनवाई का भी आदेश दिया।

आसाराम के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से यह भी अनुरोध किया कि महाराष्ट्र की पुलिस हिरासत में बंद उनके मुवक्किल को आयुर्वेदिक ईलाज लेने की इजाजत प्रदान की जाए। इस अनुरोध पर कोर्ट ने वकील से कहा कि यह निवेदन भी राजस्थान उच्च न्यायालय में किया जाए। जोधपुर राजस्थान की एक कोर्ट ने आसाराम को उनके आश्रम में साल 2013 में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार करने के आरोप में अदालत ने दोषी करार देते हुए वर्ष 2018 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसी मुकदमें में उनके दो साथियों को कोर्ट ने 20 साल की जेल की सजा सुनाई थी।

जनवरी 2023 में, आसाराम को उनको गुजरात स्थित आश्रम में एक सूरत निवासी महिला के साथ वर्ष 2013 में बलात्कार करने के आरोप में सजा सुनाई थी।

### चुनाव आयोग ने केन्द्रीय बलों की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जवानों को संवेदनशील व अति-संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव पूर्व तैयारी के लिए रवाना किया गया। ये जवान रेल व सड़क मार्ग से अपने गंतव्य स्थानों पर जाएंगे। सी.ए.पी.एफ. की प्रथम यूनिट्स इस सप्ताह के अंत में ऐसे राज्यों में पहुंचना शुरु कर देगी जो वामपंथी अतिवादियों (एल.डब्ल्यु.ई.) से प्रभावित हैं। पश्चिम बंगाल और जम्मू व कश्मीर को छोड़कर। द्वितीय चरण में चुनाव के लिए सशस्त्र कंपनियों को तैनात करने का कार्य 7 मार्च से शुरु किया जाएगा। इसके बाद मार्च के दूसरे व तीसरे सप्ताह में बची हुई कुछ अंतिम यूनिटों को उनके निर्धारित स्थानों पर भेजा जाएगा।

सशस्त्र पुलिस बल यूनिटों को प्रस्थान के आदेश जारी कर दिए गए हैं तथा उन्हें यह भी निर्देश दिए गए है कि उन्हें चुनाव आयोग के चुनाव संबंधी सामान्य नियमों की जानकारी के साथ ही सुरक्षा बलों को उन चुनाव ड्यूटी वाले खास क्षेत्रों के बारे में आवश्यक जानकारी दी जाए ताकि वे उस क्षेत्र के माहौल से भलि-भांति वाकिफ हो सकें।

प्रथम चरण के तहत सी.ए.पी.एफ. की कंपनियों को विभिन्न प्रदेशों में कानून व्यवस्था को लागू करने में मदद के लिए तैनात किया जा रहा है और जो कंपनियां प्रशिक्षण अभ्यास के लिए आरक्षित हैं उन्हें भी वहां भेजा जा रहा हैं। सशस्त्र बलों की यूनिट्स को नियमित ड्यूटी जैसे सीमा की सुरक्षा में लगाया है और उन सुरक्षा जवानों को वापस बुलाया जाएगा और उन्हें बाद के चरण में तैनात किया जाएगा।

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों तथा आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा व सिक्किम विधानसभा के चुनाव भी साथ कराने के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के वास्ते सी.ए.पी.एफ. एवं राज्य पुलिस की अधिकतम 3,400 कंपनियों की मांग की है। चुनाव आयोग चरणबद्ध तरीके से चुनाव कराने की तारीखों का ऐलान इस माह में बाद में 13 मार्च के बाद किसी भी दिन कर सकता है।

# निलम्बित पुलिस अफसर मनीष अग्रवाल पर अब मुकदमा चलेगा

- केन्द्र व राज्य सरकार की तरफ से ए.सी.बी. को उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है।
- आरोप है कि, मनीष अग्रवाल जब दौसा में पुलिस अधीक्षक थे तब उन्होंने एक हाईवे निर्माण कम्पनी से दलालों के जरिए वसूली की थी। मामला सामने आने के बाद 2 फरवरी 2021 को मनीष अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया तथा निलम्बित भी कर दिया गया था।

जयपुर, 1 मार्च (का.सं.)। हाईवे निर्माण कंपनी से दलालों के जरिए वसूली करने से जुड़े मामले में दौसा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के खिलाफ ए.सी.बी. ने ए.सी.बी. कोर्ट में केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से पेश अभियोजन स्वीकृति पेश की।

इसके साथ ही ए.सी.बी. ने नांगल राजावतान थाने के पूर्व थानाधिकारी कृष्ण कुमार मीणा और सिपाही सुमेर सिंह को लेकर क्लोज़र रिपोर्ट दी है। अभियोजन स्वीकृति मिलने पर अब मनीष अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा चलेगा। मामले में राज्य सरकार की ओर से 2 नवंबर, 2022 को ही अभियोजन की मंजूरी मिल गई थी, जबकि केन्द्र के गृह मंत्रालय ने गत 19 जनवरी को अभियोजन स्वीकृति दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार मनीष अग्रवाल ने दौसा एस.पी. रहने के दौरान दिल्ली-बडोदरा एक्सप्रेस वे का निर्माण करने वाली कंपनी से दलाल नीरज मीणा के जरिए रिश्वत राशि वसूली थी। ए.सी.बी. ने मनीष अग्रवाल को 2 फरवरी, 2021 को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष का कहना है कि, मनीष पर दलालों के जरिए मासिक बंधी लेने के साथ-साथ काम सुचारू चलाने और प्रति डंपर चार हजार रुपए लेने का भी आरोप है। इसके बाद राज्य सरकार ने मनीष अग्रवाल को निलंबित कर दिया था।

### आर.एस.एस की बैठक 15 मार्च को

नई दिल्ली, 1 मार्च। लोकसभा चुनावों की रणभेरी बजने ही वाली है। इसके ठीक पहले आर.एस.एस. की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की महत्वपूर्ण बैठक नागपुर में होने जा रही है। यह तीन दिवसीय बैठक 15-17 मार्च को विदर्भ के नागपुर में होगी। इस बैठक में लोकसभा चुनावों के साथ-साथ आरएसएस के संगठन संबंधित कार्यों पर भी चर्चा होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी इसमें शामिल हो सकते हैं।

आरएसएस के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया है कि, इस बैठक में वर्ष 2023-24 के संघ कार्य की समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही आगामी वर्ष (2024-25) के लिए आरएसएस के कार्यों की योजना पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि, आरएसएस के विभिन्न सहयोगी संगठनों के लगभग 1500 प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के आरामबाग में सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार पर भारी भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। अपने परिचित कटाक्ष पूर्ण अंदाज़ में उन्होंने कहा कि लोगों ने इतना पैसा फिल्मों में भी नहीं देखा होगा। उन्होंने कहा कि मोदी इन भ्रष्ट नेताओं को छोड़ेगा नहीं क्योंकि, वह इन भ्रष्टाचारियों का सबसे बड़ा दुश्मन है। शाम को प्रधानमंत्री कलकत्ता पहुंचे यहां राज भवन में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल के साथ प्रधानमंत्री से मुलाकात की। मीटिंग में रक्षात्मक अंदाज़ में नज़र आई उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ गपशप की।

प्रधानमंत्री के साथ मीटिंग से बाहर आने पर मुख्यमंत्री ने राजभवन के बाहर एकत्रित पत्रकारों के सवालों का जवाब बड़ी विनम्रता से दिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री से मुलाकात प्रोटोकॉल का हिस्सा थी हमने अनौपचारिक वार्ता की। कांग्रेस और वामपंथी दलों ने कहा कि यह मुलाकात दोनों दलों की सांठगांठ को दर्शाती है। इसी बीच सत्तारूढ़ पार्टी में कलह छिड़ गयी है। तृणमूल महासचिव और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता कुणाल घोष ने पार्टी के दोनों पदों से त्याग पत्र दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बड़े नेता निजी स्वार्थ के खातिर पार्टी के हितों से खिलवाड़ कर रहे हैं। घोष ने कहा कि, 80 साल के सुदीप बंदोपाध्याय भी शेख जैसे हैं। उनकी भाजपा से सांठगांठ है, उनके सचिव का बेटा उत्तरी कलकता में भाजपा की जिला इकाई का प्रमुख है। ऐसे लोग राज्य में भाजपा से लड़ सकते हैं। वरिष्ठ नेता सुगत रॉय ने भी आगामी चुनावों को लेकर निराशा जाहिर की।

### एन.सी.पी. ( शरद पवार ) शिव सेना...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खासियत है वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने बारामती में मुख्यमंत्री शिंदे, अजीत पवार और देवेन्द्र फड़नवीस को शनिवार को रात्रि-भोज के लिए आमंत्रित किया है। अब वे शिंदे और पवार की असुरक्षा की भावनाओं का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, फडनवीस ने निमंत्रण अस्वीकार दिया है लेकिन, शिंदे और पवार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। अगर यह बैठक हो जाती है तो शरद पवार, सबसे पहले तो अपने भतीजे अजीत पवार को बारामती में दोस्ताना लड़ाई के लिए मनाने की कोशिश करेंगे जिससे सुप्रिया सुले आसानी से जीत सकें। अजीत अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती से चुनाव लड़ाने की संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं। साथ ही साथ महाराष्ट्र राजनीति की उभरती तस्वीर पर चर्चा होने की संभावना है।

### प्र.मंत्री मोदी और अमित शाह ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जोशी, कोडरमा से अननपूर्णा देवी, छत्रा से सुनील कुमार, गोड्डा से निशिकांत दुबे और खूंटी से अर्जुन मुण्डा। पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के प्रत्याशियों के बारे में अभी निर्णय नहीं किया गया है क्योंकि पंजाब में अकाली दल, आंध्र में तेलुगू देसम पार्टी और जन सेना तथा तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के साथ चुनावी गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। केन्द्रीय चुनाव कमेटी की मीटिंग में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, देवेन्द्र फड़नवीस, प्रकाश जावड़ेकर, भूपेन्द्र यादव और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री उपस्थित थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि यू.पी. के पूर्व सी.एम. जगदम्बिका पाल जैसे कई सांसदों को ऐज फैक्टर के कारण ड्रॉप किया जा सकता है और एक ही निर्वाचन क्षेत्र का कई बार प्रतिनिधित्व करने वालों को भी टिकट ना देने का निर्णय लिया जा सकता है।

### बिजली गिरने से...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गिरदावरी करवाकर फसल खराबे का आकलन कराने के भी निर्देश दिए। बिजली गिरने से सवाई माधोपुर जिले में 4 व्यक्तियों की मृत्यु व 1 के घायल होने, दौसा जिले की लालसोट तहसील में 2 व्यक्तियों की मृत्यु एवं जयपुर जिले की चाकसू तहसील में 1 महिला की मृत्यु व 1 व्यक्ति के घायल होने की सूचना अब तक प्राप्त हुई है।

### केन्द्रीय मंत्रालयों में निजी क्षेत्र के 25 नामी प्रोफैशनल्स की नियुक्ति होगी

नई दिल्ली, 1 मार्च। केंद्र सरकार निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञों को केंद्रीय मंत्रालय के प्रमुख पदों पर नियुक्त करने वाली है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में तीन संयुक्त सचिवों और 22 निदेशकों/उप सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। आमतौर पर, संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पद अखिल भारतीय सेवाओं - भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) तथा अन्य सेवाओं में अधिकारियों ग्रुप 'ए' के अधिकारियों को रखा जाता है। वर्ष 2018 में शुरू की गई 'लैटरल एंट्री' योजना के तहत, संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के स्तर पर भर्तियां की जाती हैं। इन स्तरों पर अधिकारी नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो अधिकारी इस प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से आते हैं, वे सरकारी प्रणाली का अभिन्न अंग बन जाते हैं।

# बैंगलुरु के कैफे में बम विस्फोट, 9 लोग गम्भीर रुप से घायल हुये

## संदेह जताया जा रहा है कि, यह विस्फोट एक ग्राहक बनकर आये एक व्यक्ति के बैग में आई.ई.डी विस्फोटक के फटने से हुआ

- रामेश्वरम नाम के कैफे में विस्फोट दोपहर को 1:30 बजे के करीब हुआ, उस समय कैफे में अच्छी खासी संख्या में ग्राहक मौजूद थे।
- घटना की जांच के लिए नैशनल इन्वैस्टिगेशन एजेंसी (एन.आई.ए.) घटनास्थल पर पहँच गई है।

बैंगलुरु, 1 मार्च (वार्ता)। बैंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार दोपहर को जोरदार विस्फोट हो गया, विस्फोट इतना भयानक था कि, हर तरफ चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। इस दुर्घटना में नौ लोग घायल हुये। विस्फोट का समय लंच टाइम होने के कारण कैफे में अच्छी खासी संख्या में ग्राहक मौजूद थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ऐसा संदेह जताया जा रहा है कि, यह विस्फोट एक ग्राहक के बैग में रखे आई.ई.डी. एक्सप्लोसिव के फटने के कारण हुआ है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारामैया ने इस विस्फोट को एक अत्याधुनिक उपकरणों के जरिये किया गया शक्तिशाली विस्फोट बताया और कहा कि, यह एक व्यक्ति के रखे गये बैग के कारण हुआ था। सिद्दारामैया ने मैसूर में संवाददाताओं से कहा, मुझे जानकारी मिली है कि, दोपहर बाद कोई एक बैग रखकर चला गया। इस घटना में घायल खतरे से बाहर हैं। सीसीटीवी की जांच की जा रही है। वह कह रहे हैं कि, यह एक शक्तिशाली विस्फोटक से हुआ विस्फोट है। हमें नहीं पता कि, यह एक आतंक की घटना है या कि, हमला। मैंने गृह मंत्री (डॉ जी परमेश्वर) को वहां जाने के लिये कहा है।

उन्होंने कहा, विस्फोट कम तीव्रता का था, लेकिन यह एक आईईडी था, ऐसे विस्फोट सभी सरकारों के कार्यकाल में हुये हैं, लेकिन यह नहीं होने चाहिये। हाल ही में मेंगलुरु के अलावा ऐसी चीजें नहीं हुई हैं, हम पता लगायेंगे कि, वास्तव में क्या हुआ।

इस बीच कर्नाटक पुलिस ने कहा कि, रामेश्वरम कैफे में हुये संदिग्ध विस्फोट में नौ लोग घायल हुये हैं। डीजीपी और आईजीपी आलोक मोहन ने यहां संवाददाताओं से कहा, नौ लोग घायल हुये हैं, लेकिन कोई भी गंभीर नहीं है। डीजीपी ने हालांकि अधिक जानकारी नहीं दी क्योंकि विस्फोट की घटना की जांच चल रही है। उन्होंने कहा, हम पता लगायेंगे कि, यह किसने किया। हम अटकलें नहीं लगाना चाहते। एफएसएल टीमें सबूत इकट्ठा कर रही हैं। उसके बाद, हम अधिक जानकारी देंगे। सीएम (मुख्यमंत्री) और एचएम (गृह मंत्री) को जानकारी दी गयी है। हम अब और कुछ नहीं कहना चाहते हैं क्योंकि एक जांच जारी है। घटना हालांकि, गंभीर है, क्योंकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) विस्फोट स्थल पर पहुंच गयी है। इसके अलावा बम और फोरेंसिक टीमें विस्फोट स्थल पर जांच में सहायता कर रही हैं।

### टाइम्स नाओ, नवभारत, आज तक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रश्नों से यह स्पष्ट है। जब कुछ पैनलिस्ट्स ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कुछ कथित घटनाओं को साम्प्रदायिक रंग दिया जा रहा है और जिन घटनाओं में अपराधी एक सम्प्रदाय विशेष से ताल्लुक रखता है, वहां महिला हिंसा की घटनाओं को प्रमुखता से उछाला जा रहा है, तो एंकर ने उन्हें डांटकर चुप कर दिया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी। एन.बी.डी.एस.ए. ने कहा कि ''भविष्य में होने वाले ब्रॉडकास्ट्स में ''लव जिहाद'' शब्द का इस्तेमाल गंभीर आत्मपरीक्षण के बाद ही किया जाए क्योंकि धार्मिक रूढ़िवाद देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को कमज़ोर कर सकता है।'' जब कथित लव जिहाद के बारे में पूछा गया तो गृह मंत्रालय ने 4 जनवरी 2020 को संसद में अपने एक लिखित उत्तर में कहा था कि ''लव जिहाद'' प्रचलित कानूनों में पारिभाषित नहीं है। किसी भी केन्द्रीय एजेंसी ने ''लव जिहाद'' के किसी केस की रिपोर्ट नहीं दी है।'' उसने यह भी कहा कि संविधान का अनुच्छेद 25 सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए धर्म को अंगीकार करने, उसका पालन और प्रचार करने की अनुमति देता है। केरल हाई कोर्ट सहित विभिन्न कोर्ट्स ने ऐसे ही विचार व्यक्त किए हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि नैशनल इन्वैस्टिगेशन एजेंसी (एन.आई.ए.) ने अन्तर धार्मिक विवाह के दो केसों की जांच की है।

भारतीय टी.वी. न्यूज़ चैनल्स में घ्रणास्पद कन्टैंट की भरमार, पिछले कुछ वर्षों से चिंता का विषय रही है। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2022 में भारतीय मीडिया में भड़काऊ भाषणों की भरमार के एक मामले में सुनवाई करते हुए इसका कारण दर्शकों या श्रोताओं को बताया था। एक जज ने टिप्पणी की थी कि ''हेट से टी.आर.पी. और प्रॉफिट बढ़ता है।'' एन.बी.डी.एस.ए. ने 2 मार्च 2023 को तीन टी.वी. न्यूज़ चैनल्स को आदेश दिया था कि वे अपने कार्यक्रमों को प्रसारण से हटा लें। ज़ी टी.वी. के अलावा उनमें से दो चैनल न्यूज़ 18 इण्डिया और टाइम्स नॉउ तो आदतन गलतियां करने वाले थे। उनसे कहा गया था कि वे अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स व यूट्यूब से कम से कम सात कार्यक्रमों को हटा लें क्योंकि इनसे ''कोड ऑफ एथिक्स एण्ड बॉडकास्टिंग स्टैन्डर्ड्स'' का उल्लंघन हो रहा था।

द न्यूज़ बॉडकास्टर्स एण्ड डिजीटल एसोसिएशन (एन.बी.डी.ए.), जिसे पहले न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एन.बी.ए.) के नाम से जाना जाता था, एक सरकारी संस्था ना होकर एक औद्योगिक इकाई है। यह प्राइवेट टेलीविज़न न्यूज़, करन्ट अफेयर्स और डिजीटल ब्रॉडकास्टर्स का प्रतिनिधित्व करती है। यह स्वयं को ''भारत के डिजीटल ब्रॉडकास्टर्स, करन्ट अफेयर्स और न्यूज़'' की एक समग्र आवाज बताती है। यह एक संगठन है, जिसकी वैबसाइट पर उसके मैम्बर्स पूरी फण्डिंग करते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि इस आदेश का स्वागत है, लेकिन यह बहुत देर बात उठाया गया बहुत थोड़ा दम है क्योंकि हेट प्रोग्राम्स देश के साम्प्रदायिक सौहार्द को पहले ही इतना ज्यादा बिगाड़ चुके हैं कि समाज को उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908